तापमान

अधिकतम 33.6 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

12 मुक्तिधाम बदहाल, 27 लाख का सामुदायिक ...



13 सामाजिक और शासकीय अभियान में 'सेवा ...



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

शहर में आज रहेगी जलआपूर्ति प्रभावित

भिलाई। शिवनाथ इंटेकवेल से आने वाली मुख्य पाइपलाइन में लीकेज संधारण कार्य के चलते दिनांक 7 अक्टूबर 2026 को भिलाई निगम क्षेत्र में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। नागरिकों से अपील है कि आवश्यकतानुसार पानी का संग्रहण कर रखें एवं जल का मितव्ययिता से उपयोग करें।

एनडीपीएस आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



भिलाई। एनडीपीएस मामले में फरार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि जीरो स्ट्रीट, जोन-3, खुर्सीपार निवासी गुरमीत सिंह उर्फ लक्की के बयान में चिट्टा की बिक्री में शामिल फरार आरोपी की जानकारी मिली थी। तभी पुलिस ने अटल आवास शिवाजी नगर खुर्सीपार निवासी मज्जी कुमार,राबी सिंहको पकड़ा गया। आरोपियों ने अवैध धन लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से चिट्टा बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

नशे के सामान के साथ युवक हुआ गिरफ्तार



भिलाई। सूखा नशे का सामान बेचने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ग्रीनवैली जुनवानी निवासी मोहम्मद मोनिस अंसारी को पकड़ा गया। उसके पास से 10.51 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। जिसकी कीमत 2.10 लाख रुपए और एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जुनवानी से खम्हरिया की ओर चिट्टा लेकर मोनिस आ रहा था। पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

शासकीय भूमि पर भू-माफियां कर रहे थे कब्जा, निगम ने शुरू की जांच

जुनवानी में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा, जेसीबी से समतल किया जमीन और काटे फलदार पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

जुनवानी ग्राम वार्ड एक में शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 199 में भू माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहा है। यह जमीन शासकीय कार्यों व सार्वजनिक प्रयोजन हेतु आरक्षित है। कुछ व्यक्तियों द्वारा बिना किसी वैध अनुमति के अवैध रूप से रास्ता बनाया जा रहा है। जेसीबी चलवाकर इस जमीन को समतल कर लिया गया है। यहां लगे फलदार और कई पेड़ भी जेसीबी से हटा दिए गए हैं। अवैध रास्ते के निर्माण के दौरान शासकीय भूमि पर लगे सागौन और कई प्रजाति के पेड़ों तथा विभिन्न फलदार वृक्षों को काटकर नष्ट किया गया है। इस शासकीय भूमि का उपयोग निजी स्वार्थ से अवैध प्लाटिंग एवं भूखंडों तक पहुंच बनाने के उद्देश्य से किए जाने की आशंका है।



मामले में नोटिस जारी की गई है। जेसीबी को जब्त किया गया है। आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
-सुरुचि सिंह, आयुक्त ननि भिलाई

इस तरह की गई है कार्रवाई की मांग

- शासकीय भूमि का तत्काल स्थल निरीक्षण एवं सीमांकन कराया जाए।
- शासकीय भूमि से बनाए गए अवैध रास्ते को तत्काल बंद कराया जाए।
- काटे गए सागवान एवं फलदार वृक्षों की संख्या, प्रजाति एवं नुकसान का पंचनामा तैयार कराया जाए।
- वृक्षों की कटाई एवं शासकीय भूमि के नुकसान के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रचलित कानून के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाए।
- शासकीय भूमि पर की जा रही अथवा प्रस्तावित अवैध प्लाटिंग को तत्काल रोका जाए।
- संबंधित भूमि के राजस्व अभिलेख, नक्शा एवं सीमांकन की जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि उक्त भूमि किस शासकीय प्रयोजन के लिए आरक्षित है।
- यदि किसी व्यक्ति/संस्था द्वारा बिना अनुमति रास्ता बनाया गया है तो उसके विरुद्ध अतिक्रमण एवं शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने की कार्रवाई की जाए।
- भविष्य में शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, अवैध निर्माण अथवा प्लाटिंग न हो, इसके लिए आवश्यक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्था की जाए।
- की गई कार्रवाई की लिखित जानकारी शिकायतकर्ता को प्रदान करने की कृपा की जाए।

निगम की सामान्य सभा में यह जमीन प्रस्तावित

शिकायत के मुताबिक जो व्यक्ति जेसीबी लगाकर काम करवा रहा है आशीष पालीवाल यह ग्रुप का रहने वाला है। अवैध प्लाटिंग का काम करता है। अवैध प्लाटिंग की यह जमीन नगर निगम का ग्रीन बेल्ट की जमीन है। जो पूर्व में 2012-13 में नगर निगम द्वारा और पेड़ लगाया था। उसको पूरा काट काटकर रोड बनाया जा रहा है। जो कि नगर निगम की खसरा नंबर 199 की भूमि है। नगर निगम भिलाई द्वारा ग्रीन बेल्ट के लिए गार्डन बनाने के लिए आरक्षित किया हुआ है। जो अभी भी सामान्य सभा में पारित किया गया है।

बरसों पुराना हनुमान मंदिर भी प्रभावित

शिकायतकर्ता के मुताबिक शासकीय भूमि के पीछे प्लाटिंग वाली जगह पर बरसों पुराना हनुमान जी का मंदिर है। जो छत्तीसगढ़ की धरोहर उसे भी तोड़े जाने की साजिश की जा रही है। यह मंदिर दुर्ग भिलाई और छत्तीसगढ़ राज्य की धरोहर है मंदिर की भी जांच की जानी चाहिए कितना पुराना है। इससे लोगों की धार्मिक भावना भी आहत हो रही है।

शिकायत पर अब तक नहीं कार्रवाई

सरकारी जमीन को हड़पने की कोशिश की शिकायत मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पास पत्र भेज कर किया गया है। बतौर इस स्थल का नक्शा- खसरा और हो रहे अवैध कब्जे की फोटो भी संलग्न की गई है। प्रतिलिपि दुर्ग राजस्व विभाग दुर्ग व तहसीलदार को भी भेजी गई है। शिकायतकर्ता सुदीप अग्रवाल ने कहा है कि शासन-प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है जबकि शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण एवं वृक्षों की क्षति तथा शासकीय भूमि के अनधिकृत उपयोग का गंभीर मामला है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर वहां लाटिंग बढ़ सकती है तथा भविष्य में भूमि को वापस शासकीय उपयोग में लेना कठिन हो जाएगा।

सिगरेट मांगने पर युवक पर चाकू से हमला कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सिगरेट मांगने को लेकर हुए विवाद में दोस्त ने युवक की हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में आरोपी युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि कवर्धा निवासी चित्रेश सहारे अपनी प्रेमिका और उसकी बहन के साथ दोस्त के पीजी पहुंचे थे। तभी पीजी में रहने वाले दो युवकों से विवाद हो गया।



- मोहन नगर पुलिस की कार्रवाई
- दो युवक को पुलिस लिया हिरासत में

विवाद सिर्फ सिगरेट मांगने को लेकर हुआ था। इसके अलावा दोनों युवकों ने प्रेमिका से बदतमीजी भी की थी। इसके बाद विवाद और बढ़ गया। फिर दोनों युवकों ने मारपीट करते हुए चित्रेश के पैर और जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। चित्रेश को गंभीर हालत में अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया है। आरोपी युवक राजनांदगांव निवासी है। भिलाई-दुर्ग में दोनों युवक रैपिडो चलाते थे। मृतक चित्रेश सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुका था। प्रतियोगी परीक्षा देकर सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटा था। चित्रेश पिछले हफ्ते दुर्ग एसबीआई की परीक्षा देने भिलाई आया था। भिलाई के रुंगटा कैंपस में उसका परिक्षा सेंटर था। मृतक चित्रेश अपने दोस्त रवि के पीजी रूम में प्रेमिका और उसकी बहन के साथ पहुंचा था। तभी पीजी के वैभव और राजकुमार से सिगरेट मांगने को लेकर विवाद हुआ था। युवकों ने प्रेमिका के साथ बदतमीजी के बाद विवाद बढ़ गया। विवाद गाली-गलौज और हाथापाई तक पहुंच गई।

पुलिस ने पीजी में मौजूद लोगों से पूछताछ की है। शव को जिला अस्पताल दुर्ग के मरचूरी में रखा गया है। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। पुलिस ने अपराध कायम कर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

की जा रही है पूछताछ

आरोपी राजनांदगांव के निवासी है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद जो भी तथ्य सामने आएगें उसी आधार पर पुलिस कार्रवाई करेगी। महिला मित्र मामले की जांच की जा रही है। उसके साथ कथित दुर्व्यवहार और विवाद की बात भी सामने आई है।
-शोभराज अग्रवाल, एएसपी

राजस्थान के गिरोह ने की 19 लाख ठगी

नकली सोने की पत्तियां को असली बताकर ज्वेलर्स को ठगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नकली सोने के पत्तियों को असली बताकर ज्वेलर्स संचालक को 19.32 लाख रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसी कैमरों के आधार पर खोजबीन करना शुरु किया। इस दौरान 6 आरोपिं को पुलिस ने ट्रेस कर लिया। घटना का खुलासा करते हुए ग्रामीण एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि पुराना बाजार पाटन में स्थित लक्ष्मी ज्वेलर्स संचालक आनंद सोनी ने 24 सितंबर को पुलिस में शिकायत किया। जिसमें बताया गया कि ओमी सिंह,लाखन सिंह उसके शॉप में पहुंचे थे। उनके पास 18 नग सोने की पत्तियां, जिसका वजन लगभग 180 ग्राम था। जिसे असली सोना बताकर गिरवी रखा गया। इसके बादले में संचालक से 15 लाख 93 हजार रुपये लिया गया। आरोपियों ने शॉप से 3 नग सोने की अंगूठियां, वजन 18.910 ग्राम,चांदी की 01 जोड़ी पायल, वजन 176.590 ग्राम, कीमत 3 लाख 39 हजार रुपये उधारी में लिया। सात दिनों के भीतर ब्याज समेत रकम लौटाने का संचालक को भरोसा दिलाया गया। समय होने के बाद भी रकम वापस नहीं किया गया। संदेह होने पर गिरवी रखी गई सोने की पत्तियों की जांच कराने पर 10 प्रतिशत सोना और 90 प्रतिशत अन्य धातु मिलने की जानकारी मिली। संचालक परेशान होकर पुलिस के पास पहुंचा



और 19 लाख 32 हजार रुपये की ठगी की शिकायत किया। मामले में पुलिस ने ग्राम कठुमर, वार्ड 5, होदवाली मोहल्ला, जिला अलवर राजस्थान निवासी श्याम सिंह उर्फ लाखन नायक, ग्राम पोस्ट कठुमर, कठुमर, जिला अलवर, राजस्थान गोविंद नायक उर्फ गिरीराज , चैनपुरा, थाना खेरली, तहसील कठुमर, जिला अलवर, राजस्थान प्रहलाद नायक, , उम्र 28 वर्ष, निवासी थाना चैनपुर, थाना खेरली, तहसील कठुमर, जिला अलवर, राजस्थान अर्जुन नायक, राजबती नायक, मंजू नायक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है।

संदिग्धों के मकानों पर पहुंची पुलिस, शराब और हथियार मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



जिले के अपराधों पर अंकुश लगाने तीन पुलिस अनुभागों में एक साथ विशेष चेकिंग और तलाशी अभियान चलाया। तड़के 4 बजे से 8 बजे तक चले अभियान में गुंडा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों, वारंटियों और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े संदिग्धों के ठिकानों पर दबिश दी। अभियान में दुर्ग, भिलाई नगर, छावनी अनुभाग के 185 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

टीमों ने चिन्हित बदमाशों के संभावित ठिकानों के साथ ही ऐसे लोगों के घरों की भी जांच की, जिनकी गतिविधियां संदिग्ध पाई गई थीं। कई स्थानों से धारदार हथियार और अवैध शराब भी पुलिस ने बरामद किया। पुलिस के मुताबिक चिन्हित फरार आरोपियों, गुंडा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों, वारंटियों की जांच की गई। उनके संभावित ठिकानों पर पहुंचकर निवासरत लोगों की जानकारी ली और दस्तावेजों का सत्यापन किया। दूसरे क्षेत्रों से आकर थाना क्षेत्रों में रहने वाले संदिग्ध और अनधिकृत लोगों की भी जानकारी जुटाई गई। पुलिस ने उनके पहचान को लेकर दस्तावेजों की जांच की। छावनी अनुभाग के खुर्सीपार थाना क्षेत्र में देवार बस्ती और अटल आवास में पुलिस टीमों ने घर-घर पहुंचकर लोगों की तस्दीक की। इस दौरान कुछ स्थानों से धारदार हथियार, अवैध शराब बरामद होने पर लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई।

दस्तावेजों का सत्यापन भी किया गया

भिलाई नगर अनुभाग के फरीद नगर, डेरा बस्ती, सुपेला समेत अन्य चिन्हित क्षेत्रों में भी पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वहां रहने वाले लोगों की जांच की। मोहन नगर थाना क्षेत्र में आदतन बदमाश राहुल गाडा के घर के पास एक बिना नंबर की बाइक मिलने की खबर है। पुलिस वाहन के संबंध में जांच और सत्यापन किया। दुर्ग अनुभाग में उरला, अंबेडकर नगर, बांबे आवास, शंकर नगर, जवाहर नगर, ग्रीन चौक क्षेत्र में तलाशी और चेकिंग की गई। छावनी अनुभाग में खुर्सीपार की देवार बस्ती और अटल आवास में घर-घर जाकर लोगों की जानकारी और दस्तावेजों का सत्यापन किया गया।

भिलाई नगर पुलिस जुटी जांच में, होटल संचालक को नोटिस जारी कर मांगा गया जवाब

होटल हरिराज में महिलाओं के बाथरूम में मोबाइल कैमरे के बाद बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सिविक सेंटर स्थित होटल हरिराज के महिला बाथरूम में मोबाइल कैमरा मिलने के बाद बवाल मच गया है। इस घटना के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा है। बाथरूम में दो जगह पर छेद नजर आए हैं, जिसके माध्यम से मोबाइल में तस्वीर खींचने या वीडियो बनाने की कोशिश की गई। घटना की शिकायत भिलाईनगर पुलिस से की गई है। इसके बाद पुलिस ने होटल संचालक को नोटिस जारी कर इस पूरे मामले में जवाब मांगा है।

होटल संचालक के मुताबिक उनके किसी वर्कर का ये काम है। घटना के बाद से वह भाग गया है। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक हरिराज होटल में एक महिला खाना खाने पहुंची थी। जहां कथित कैमरा होने की जानकारी मिलने



पर उन्होंने डॉयल 112 को कॉल कर सूचना दी। लेकिन मौके पर पहुंची टीम ने जब हरिराज होटल में चेकिंग करने पर ऐसा कोई बात सामने नहीं आया है।

घटना 28 सितंबर की है। महिला ने होटल कर्मी पर संदेह होने पुलिस को जानकारी दी। आरोप है कि हरिराज के महिला बाथरुम में स्पाइ कैमरा निकला। जिसे कथित तौर पर बाथरूम की गतिविधियां रिकॉर्ड करने के लिए लगाया गया था। हरिराज होटल से कैमरे की शिकायत के बाद हड़कंप मच गया। इस मामले में संचालक रवि अग्रवाल से बात करने की कोशिश की गई। संचालक के मोबाइल पर कॉल करने पर एक कर्मी ने कॉल रिसीव किया। उसने बताया कि वे दूसरे कॉल में व्यवस्थ है। समय मिलने पर बात करें।

होटल स्टॉफ की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध

शुरुआती जानकारी में होटल के कर्मी की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है लेकिन जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। शहर के बड़े होटलों में हरिराज की गिनती होती है। जहां भिलाई-दुर्ग के लोग अपने परिवार को लेकर खाना पान करने जाया करते है। महिला बाथरुम में कैमरा मिलने की खबर से लोगों में होटल के प्रति भरोसा अब नहीं रहा है। भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि महिला ने डॉयल 112 को कॉल किया था। मौके पर पुलिस पहुंची लेकिन महिला ने कोई शिकायत दर्ज नहीं किया है। संचालक को नोटिस जारी कर कर्मियों व कैमरों की सारी जानकारी मांगी गई है। फिलहाल जांच किया जा रहा है।

पुलिस ने होटल संचालक को थमाया नोटिस, पूछताछ भी की

पुलिस के मुताबिक बाथरुम में किसी ने मोबाइल के कैमरे को इस तरह से रखा था जो कैमरे की तरह दिखाई दे रहा है। जिससे सारा रिकार्डिंग हो सके। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो कैमरा जैसा कोई भी चीज बाथरुम में नहीं मिला है। भिलाई नगर पुलिस ने संचालक को नोटिस देकर सभी कर्मियों और सीसी कैमरों का डिटेल मांगा है। कैमरे की बात सामने आने के बाद होटल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा हो रहा है।जब महिला ने इसकी जानकारी होटल प्रबंधन को दी गई। मामले में होटल का एक कर्मी इसमें शामिल होने की खबर है।

फॉरेस्ट एवेन्यू रोड से हटाए अवैध ठेले

यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने प्रवर्तन अनुभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा ट्रैफिक पुलिस की मदद से मंगलवार को टाउनशिप के प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। बोरिया गेट से जेपी सीमेंट चौक, सेक्टर-4 तक फॉरेस्ट एवेन्यू रोड पर फल ठेला विक्रेताओं एवं ट्रक चालकों द्वारा किए जा रहे बेतरतीब कब्जों को बेदखल किया गया। कब्जेधारियों के विरुद्ध कार्रवाई कर दोबार सड़क किनारे ठेला न लगाने की चेतावनी दी गई।संबंधित क्षेत्र में आवश्यक कार्रवाई की गई।

सड़क एवं सड़क किनारे के क्षेत्रों में किए जा रहे अतिक्रमण और संबंधित क्षेत्र में वाहनों के सुरक्षित एवं सुचारु आवागमन के साथ सड़क और उसके आसपास के क्षेत्रों का व्यवस्थित उपयोग के लिए बेदखली कार्रवाई की गई। इस दौरान फल ठेला विक्रेताओं एवं ट्रक चालकों को समझाइश दी गई तथा सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से स्थान घेरकर व्यवसाय करने अथवा वाहन खड़ा करने से बचने के निर्देश दिए गए।

सामान्य पाली की समाप्ति के बाद कार्यालय एवं संयंत्र क्षेत्र से आने वाले कुछ बीएसपी कर्मचारियों द्वारा सड़क किनारे अपने वाहन खड़े किए जाने की स्थिति भी संज्ञान में आई। ऐसे कर्मचारियों को सड़क पर वाहन खड़ा करने से बचने तथा यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन में सहयोग करने के संबंध में आवश्यक समझाइश दी गई। साथ ही, संबंधित वाहनों के क्रमांक अभिलेख के लिए दर्ज किए गए।

कांग्रेस ने सहयोगी दलों के साथ मिलकर फूंका ज्ञानेश कुमार का पुतला, पुलिस से हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के संयुक्त नेतृत्व में केंद्र सरकार व चुनाव आयोग की लोकतंत्र विरोधी नीतियों के खिलाफ एक विशाल जन-आक्रोश मार्च आयोजित किया गया। पैदल मार्च जेआरडी स्कूल के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा से प्रारंभ होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा कलेक्टोरेट परिसर तक निकाला गया। मार्च के दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लेकर केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आगे बढ़े। कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचने से पूर्व पुलिस प्रशासन द्वारा भारी बैरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को रोकने का प्रयास किया गया, जहां कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच तीखी बहस व जमकर झूमाझटकी हुई। पुलिस की भारी मौजूदगी के बावजूद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पटेल चौक पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके पश्चात दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग शहर अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्रकार सहित प्रतिनिधिमंडल ने एडीएम को कलेक्टर दुर्ग के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि देश का लोकतंत्र और हमारी संवैधानिक संस्थाएं इतिहास के सबसे गंभीर संकट से गुजर रही है। सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियों ने यह पूरी तरह साफ कर दिया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में चुनाव आयोग निष्पक्षता छोड़ सत्ता पक्ष के उपकरण के रूप में काम कर रहा है। बिना सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी और नियमों को दरकिनार कर फॉर्म-6 में अवैध बदलाव किए गए, जिससे देश के लाखों वैध नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से वंचित कर दिया गया है।

मुख्य चुनाव आयुक्त का कृत्य लोकतंत्र के साथ एक बड़ा धोखा

धीरज बाकलीवाल ने कहा दो वरिष्ठ चुनाव आयुक्तों ने इस असंवैधानिक बदलाव पर आपत्ति जताई थी, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपनी तानाशाही से उसे दबा दिया। सर्वोच्च न्यायालय में झूठ बोलना और संविधान को ठेंगा दिखाना सीधा देशद्रोह जैसा कृत्य है। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के नाम पर किया गया यह कृत्य लोकतंत्र के साथ एक बड़ा धोखा है। जब सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि उन्होंने फॉर्म-6 में बदलाव की कोई मंजूरी नहीं दी थी, तो आयोग का यह कदम पूरी तरह असंवैधानिक साबित होता है। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर लाखों मतदाताओं के नाम सूची से हटाना लोकतंत्र की हत्या है। आज दुर्ग की जनता और कार्यकर्ताओं ने पुलिस के बैरिकेड्स तोड़कर यह संदेश दे दिया है कि संविधान से खिलवाड़ किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त को तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना ही होगा।

समाजवादी पार्टी ने भी दिया प्रदर्शन को समर्थन



मार्च को समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष रज्जाक अली, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड एसपी डे, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सचिव कामरेड विनोद कुमार सोनी तथा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के कामरेड विजेंद्र तिवारी ने अपने-अपने दलों की ओर से समर्थन किया और कहा कि यह लड़ाई किसी एक दल की नहीं, बल्कि देश के आम नागरिक के मताधिकार और संविधान को बचाने की लड़ाई है। चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था में बैठे शीर्ष पद पर आसीन व्यक्ति जब खुद वैधानिक नियमों का उल्लंघन करे, तो यह देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बहुत बड़ा धब्बा है। रज्जाक रजा ने कहा कि देश इसे बर्दाश्त नहीं करेगा। आगामी दिनों में और भी उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा, प्रतिमा चंद्राकर, राजीव गुप्ता, दीपक दुबे, महेंद्र वर्मा, तरुण बिजौर, निरंजन राजपूत, उमाकांत चंद्राकर, दर्शन सिंह, कमलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

खबर संक्षेप

रविशंकर स्टेडियम में सेवा संकल्प शिविर कल

दुर्ग। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर को रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में जिला स्तरीय सेवा संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में जिले के सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके साथ ही पात्र हितग्राहियों को सहायता अनुदान, विभिन्न योजनाओं के लाभ एवं सामग्री का वितरण किया जाएगा। शिविर में आम नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने और उन्हें मौके पर लाभ दिलाने की पहल की जाएगी। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां नागरिक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार संबंधित विभाग से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे तथा उपलब्ध सेवाओं का लाभ ले सकेंगे।

नवाचार इनोवेशन को मौका, 17 तक पंजीयन

दुर्ग। घर, खेत, समूह और कार्यस्थल पर महिलाएं प्रतिदिन संसाधनों के बेहतर उपयोग के नए तरीके खोजती हैं। ईंधन बचाने वाला चूल्हा, स्व-सहायता समूह के उत्पादों की आकर्षक पैकेजिंग और ऑनलाइन बिक्री का नया मॉडल, या पोषण और स्वच्छता से जुड़े सरल उपकरण ऐसे विचार छोटे स्तर से शुरू होकर बड़े बदलाव का आधार बन सकते हैं। सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज 2026 महिलाओं को ऐसे नवाचारी समाधान आगे लाने का अवसर देता है। चैलेंज में प्रत्येक क्षेत्र का एक पुरस्कार महिला श्रेणी के लिए आरक्षित है। इस श्रेणी में तीन प्रकार से आवेदन किया जा सकता है। कोई महिला व्यक्तिगत रूप से ऐसी टीम जिसके मुख्य सदस्यों में कम से कम 50 प्रतिशत महिलाएँ हों; अथवा ऐसी संस्था जिसकी कम से कम 51 प्रतिशत अंशधारिता पिछले दो माह या अधिक से महिलाओं के पास हो। छात्राएं, गृहिणियां, शिक्षिकाएं, शोधार्थी, महिला उद्यमी तथा महिला स्व-सहायता समूह सभी इसमें भाग ले सकते हैं। आवेदक अथवा टीम के किसी एक सदस्य के पास छत्तीसगढ़ का मूल निवास प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। प्रत्येक विजेता को 10 लाख की राशि दी जाएगी। आवेदन पोर्टल sevainnovationchallenge.in पर मोबाइल ओटीपी से पंजीयन कर किया जा सकता है। आवेदन 17 अक्टूबर तक किया जा सकता है।

मॉडल टाउन के कबीर कुटी मुक्तिधाम तक पहुंचना भी मुश्किल

मुक्तिधाम बदहाल, 27 लाख का सामुदायिक भवन जर्जर, 10 साल से उद्घाटन का इंतजार

वार्ड 3 परिक्रमा नगर निगम भिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड परिक्रमा में सामने आईं मूलभूत सुविधाओं की समस्याएं, लोगों ने मुक्तिधाम के उन्नयन, सौंदर्यीकरण और सड़क सुधार की मांग उठाई

नगर निगम भिलाई के जोन-1 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-3 मॉडल टाउन में वार्ड परिक्रमा के दौरान क्षेत्र की कई बुनियादी समस्याएं सामने आईं। कहीं लाखों रुपए की लागत से बना सामुदायिक भवन वर्षों से उपयोग और उद्घाटन का इंतजार कर रहा है, तो कहीं मुक्तिधाम की बदहाली लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं, जबकि कई बार जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सामने इन समस्याओं को रखा जा चुका है।

मॉडल टाउन में करीब 27 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन पिछले लगभग 10 वर्षों से उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार भवन बनने के बाद भी इसका नियमित उपयोग शुरू नहीं हो सका। देखरेख और उपयोग के अभाव में भवन की स्थिति धीरे-धीरे खराब होती जा रही है। क्षेत्र में सामुदायिक भवन की आवश्यकता होने के बावजूद तैयार भवन का उपयोग नहीं हो पाना लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि भवन का उद्घाटन कर इसे क्षेत्र के लोगों के उपयोग में लाया जाए तो सामाजिक, धार्मिक और सामुदायिक आयोजनों के लिए उन्हें काफी सुविधा मिल सकती है।लोगों का आरोप है कि वर्षों से भवन बंद पड़ा होने के कारण अब यह धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। ऐसे में लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी उसका अपेक्षित लाभ क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि कबीर कुटी मुक्तिधाम का उन्नयन किया जाए तो इसका सीधा फायदा आसपास के लोगों को मिलेगा। साथ ही रामनगर मुक्तिधाम पर पड़ने वाला दबाव भी कम किया जा सकता है। लोगों ने मुक्तिधाम में स्थायी शेड निर्माण, प्रतीक्षालय की मरम्मत, परिसर के सौंदर्यीकरण, आवश्यक सुविधाओं के विकास और अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है।



वार्ड सामुदायिक भवन लंबे समय से बदहाल पड़ा हुआ है।

कबीर कुटी मुक्तिधाम की हालत भी चिंताजनक



वार्ड के विनोवा नगर स्थित कबीर कुटी मुक्तिधाम की स्थिति भी स्थानीय लोगों के लिए बड़ी चिंता बनी हुई है। यहां बना प्रतीक्षालय कक्ष जर्जर हालत में है। सबसे बड़ी समस्या मुक्तिधाम में पर्याप्त शेड का नहीं होना है। बरसात के दिनों में अंतिम संस्कार के दौरान बारिश से बचने के लिए लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई बार तिरपाल लगाकर अंतिम संस्कार की व्यवस्था करनी पड़ती है। इससे अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले परिवारों और लोगों को मौसम की मार झेलनी पड़ती है। यहां बिजली की भी व्यवस्था नहीं है।



मुक्तिधाम तक पहुंचने वाली सड़क भी जर्जर

समस्या केवल मुक्तिधाम परिसर तक सीमित नहीं है। यहां पहुंचने वाला रास्ता भी खराब हालत में है। सड़क की स्थिति खराब होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। विशेष रूप से अंतिम संस्कार के दौरान परिवार और अन्य लोगों को खराब रास्ते के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वार्ड परिक्रमा के दौरान जुनवानी वार्ड के कुछ हिस्सों में साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर भी लोगों ने शिकायत की। स्थानीय लोगों ने नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है,

18 साल से अंतिम संस्कार की सेवा में जुटे घनश्याम साहू



मुक्तिधाम में घनश्याम साहू पिछले करीब 18 वर्षों से दाहसंस्कार कार्य में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनका कहना है कि लंबे समय से यहां शेड सहित कई मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता महसूस की जा रही है। बरसात के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है और तिरपाल के सहारे व्यवस्था करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अंतिम संस्कार के लिए पर्याप्त और व्यवस्थित स्थान की जरूरत है। वर्तमान व्यवस्था के कारण कई बार उपलब्ध स्थान के अनुसार अंतिम संस्कार करना पड़ता है।

पार्षद का दावा : पांच साल में 3.75 करोड़ के विकास कार्य 50 परिवारों को मिला पट्टा



वार्ड में सामने आई समस्याओं के बीच पार्षद हरिओम तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यों और क्षेत्र के निवासियों को पट्टा दिलाने की जानकारी दी। पार्षद के अनुसार विनोवा नगर और उड़िया बस्ती के करीब 50 परिवारों को पट्टा दिलाया गया है। उन्होंने बताया कि मॉडल टाउन वार्ड पहले अवैध कॉलोनी की श्रेणी में आता था। उनके प्रयासों से पूरी कॉलोनी को वैध कराते हुए वार्ड का नियमानुसार नक्शा तैयार कराया गया। पार्षद ने दावा किया कि इससे पहले क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा तैयार किए गए अवैध नक्शे प्रचलन में थे। कॉलोनी को वैध कराने और सही नक्शा तैयार कराने से क्षेत्र के रहवासियों को भविष्य में दस्तावेज संबंधी परेशानियों से राहत मिलने की बात उन्होंने कही।

उन्होंने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में करीब 3 करोड़ 75 लाख रुपए के विकास कार्य कराए जाने का भी दावा किया। इनमें क्षेत्र की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य शामिल होने की बात कही गई है। पार्षद ने बताया कि जुनवानी वार्ड में वर्तमान में कोई पार्षद नहीं होने के कारण वहां की देखरेख भी उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मॉडल टाउन के साथ जुनवानी क्षेत्र की समस्याओं और लोगों की मांगों को भी संबंधित स्तर पर उठाया जा रहा है।

वार्डवासियों का यह कहना...



इस सामुदायिक भवन के बनने से गरीब तबके और मध्यम वर्गीय परिवारों के लोगों के शादी ब्याह ,सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यों हेतु यह वरदान साबित होगा ।

- खिलेश सूर्यवंशी
मॉडल टाऊन वार्ड 03



मुक्तिधाम का उन्नयन आवश्यक विनोबा नगर वार्ड 3 के मुक्तिधाम का उन्नयन आवश्यक है। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

-मनीष शर्मा,
वार्ड-3

ठेले और पसरे लगने से हर दिन हो रहा ट्रैफिक जाम



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

इंदिरा मार्केट की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एक बार फिर नए सिरे से तैयारी शुरू की गई है। इंदिरा मार्केट मार्ग और चौक के आसपास पसरा और ठेला लगाने वालों को निगम उतई टैम्पो स्टैंड के पास निर्धारित जगह पर शिफ्ट करेगा। इसे लेकर महापौर ने ने आयुक्त लीना कोसम और सभापति श्याम शर्मा के साथ बैठक की। बैठक में इंदिरा मार्केट की व्यवस्थाओं, यातायात व्यवस्था एवं व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में महापौर ने व्यापारियों से बारी-बारी चर्चा करते हुए बाजार की वर्तमान स्थिति, दुकानों की समस्याओं, यातायात व्यवस्था एवं अतिक्रमण सहित अन्य विषयों पर सुझाव लिए। बैठक में इंदिरा मार्केट की कुछ दुकानों के जर्जर होने तथा आवश्यक मरम्मत कार्य को लेकर भी चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों से कहा गया कि जिन दुकानों में मरम्मत की आवश्यकता है, वे नियमानुसार आवश्यक मरम्मत कार्य अपने स्तर पर स्वयं के व्यय से कराने को लेकर निर्णय लें, ताकि दुकानों की स्थिति बेहतर हो सके और व्यापारियों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। महापौर अलका बाघमार ने इंदिरा मार्केट में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए व्यापारियों से सुझाव मांगे। व्यापारियों ने अपने-अपने सुझाव देते हुए बाजार क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से महापौर को अवगत कराया।महापौर ने कहा कि व्यापारियों और निगम प्रशासन के समन्वय से इंदिरा मार्केट की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जाएगा तथा बाजार की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा। बैठक में एमआईसी सदस्य देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, नीलेश अग्रवाल, हर्षिका संभव जैन, शशि साहू, लीलाधर पाल, रंजीता पाटिल सहित अन्य मौजूद थे।

सड़क किनारे लग रही दुकानों ने बढ़ाई परेशानी

बता दें कि इंदिरा मार्केट और इसके आसपास सड़क किनारे बेतरतीब दुकानें लग रही हैं। निगम कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। पुलिस की सर्चिंग भी नाम के लिए होती है। इसके चलते ठेले वालों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। इतना ही नहीं दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों के सामने अवैध पार्किंग कराई जा रही है। इस वजह से हर दिन शाम के समय ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आ रहा है। खास बात यह है कि स्थानीय रहवासियों द्वारा लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है।



सफाई कार्य में लगीं स्वच्छता दीदियों को मिला सम्मान



भिलाई। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। नगर पालिका परिषद जामुल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर प्रमुख रूप से मौजूद थे। स्वच्छता दीदियों महादेव के दर्शन भी कराए गए। ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि बीते 5 वर्षों से जामुल नगर पालिका क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाए रखने में अपना अमूल्य योगदान दे रही हमारी सभी स्वच्छता दीदियों का मैं हृदय की गहराइयों से आभार। हर सुबह जब पूरा शहर गहरी नींद में होता है, तब ये दीदियां पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सड़कों पर उतरती हैं और अपने अथक परिश्रम से हमारे शहर को संवारती हैं। उनके इस निस्वार्थ सेवा-भाव और अदम्य जज्बे को मेरा कोटि-कोटि प्रणाम, शत-शत नमन। इस अवसर पर स्वच्छता दीदियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया।

पाटन व अहिवारा में गंदे पानी को साफ करने के लिए बनेगा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

दुर्ग। जिले में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नगरीय निकायों के सुव्यवस्थित विकास को गति देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नगर पंचायत पाटन तथा नगर पालिका परिषद अहिवारा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए भूमि का आवंटन किया गया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दिशा-निर्देशों एवं राजस्व पुस्तक परिपत्र 4-1 की कंडिका 26 के प्रावधानों के तहत एक रुपये प्रति वर्गफीट की दर से निर्धारित मूल्य राज्य कोष में जमा कराए जाने के फलस्वरूप यह आवंटन बिना भू-भाटक प्रदान किया गया है। जारी आदेश के अनुसार पाटन पटवारी हल्का नंबर 38 स्थित खसरा नंबर 315 की 0.50 हेक्टेयर यानी 53,820 वर्गफीट शासकीय भूमि एसटीपी निर्माण के लिए दी गई है। वहीं अहिवारा के बानबरद में पटवारी हल्का नंबर 06 स्थित खसरा नंबर 1243 के कुल रकबा 3.10 हेक्टेयर में से 0.40 हेक्टेयर यानी 43,058.00 वर्गफीट शासकीय भूमि एसटीपी निर्माण हेतु आबंटित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आवंटित भूमि का उपयोग केवल निर्धारित जनउपयोगी एवं सार्वजनिक कार्य हेतु ही किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भूमि का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा निर्माण के दौरान नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के प्रावधानों, लोकबाधा रहित संचालन, स्वास्थ्य सुरक्षा, सुविधा एवं पर्यावरण संरक्षण के मानकों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य होगा।

कागज से क्लिक तक न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाने की पहल

समंस की राह हुई डिजिटल, कोर्ट मोहर्रिरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



याय व्यवस्था में तकनीक अब केवल भविष्य की बात नहीं रही, वह आज की न्यायिक कार्यप्रणाली का हिस्सा बन रही है। इसी बदलाव को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने की दिशा में दुर्ग जिला न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए न्यायालय के समस्त कोर्ट मोहर्रिरों को ई-समंस प्रणाली का प्रशिक्षण प्रदान किया।

जिला न्यायाधीश के. विनोद कुजूर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्पष्ट था समंस की पारंपरिक प्रक्रिया को तकनीक की गति से जोड़ना और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक स्मार्ट, तेज एवं ट्रैक करने योग्य बनाना। न्यायाधीश प्रशांत पाराशर, रवि कुमार महोबिया ने ई-समंस प्रणाली पर विस्तृत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से कोर्ट मोहर्रिरों को प्रणाली के विभिन्न चरणों और न्यायालयीन कार्य में इसके प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कोर्ट मोहर्रिरों को ई-समंस प्रणाली के व्यावहारिक उपयोग से अवगत कराया गया। इसमें ई-समंस तैयार करना, संबंधित पक्षकार अथवा गवाह को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रेषित करना, उसकी डिलीवरी की स्थिति देखना तथा प्राप्त डिजिटल डिलीवरी रिपोर्ट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों का सुरक्षित संधारण शामिल रहा। यानी, समंस भेजने से लेकर उसकी डिलीवरी तक की प्रक्रिया अब अधिक व्यवस्थित और डिजिटल रूप से ट्रैक की जा सकेगी। ई-समंस प्रणाली का सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसकी गति और पारदर्शिता है।

पारंपरिक प्रक्रिया में जहां समंस की सेवा और उसकी स्थिति की जानकारी प्राप्त करने में समय लग सकता है, वहीं डिजिटल माध्यम प्रक्रिया को अधिक त्वरित और ट्रैक करने योग्य बनाने में मदद करता है। इससे न्यायालयीन कार्यप्रणाली में समय की बचत, प्रक्रिया की पारदर्शिता और कार्य की दक्षता बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

तकनीकी पहलुओं से कराया गया अवगत

प्रशिक्षण केवल किसी नई प्रणाली को चलाना सीखने तक सीमित नहीं रहा। कोर्ट मोहर्रिरों को प्रणाली का व्यावहारिक प्रदर्शन कराया गया, ताकि वे वास्तविक न्यायालयीन कार्य में ई-समंस का प्रभावी और सुचारु उपयोग कर सकें। यह पहल इस बात का संकेत है कि न्यायालयीन व्यवस्था भी बदलती तकनीक के साथ कदम मिला रही है जहां फाइलों के साथ डिजिटल रिकॉर्ड, प्रक्रिया के साथ रियल टाइम ट्रैकिंग और पारंपरिक व्यवस्था के साथ तकनीकी उपयोगों के साथ न्याया आगे बढ़ रही है।

मंत्री गजेन्द्र ने ग्रामीणों से किया संवाद हितग्राहियों को वितरित किए प्रमाण-पत्र

दुर्ग। फेकारी में आयोजित सेवा सेतु कैंप में कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की तथा पात्र हितग्राहियों से योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कैंप में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का अवलोकन किये और विभागीय अधिकारियों से ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं के प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित आवास की चाबी प्रदान की गई। साथ ही स्वच्छता कर्मियों को ड्रेस वितरण, हितग्राहियों को लोन वितरण तथा लखपति दीदियों एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हितग्राहियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि सेवा सेतु कैंप का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को ग्रामीणों के बीच पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी पात्रता के अनुसार शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें और उनका लाभ अवश्य लें। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, प्रदेश मंत्री जीतेन्द्र वर्मा, जिला महामंत्री दिलीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक, जिला उपाध्यक्ष हर्षा लोकमणि चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, ग्राम सरपंच यीवगेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य कल्पना नारद साहू सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप



मुड़पार स्कूल में अक्षय पात्र की टच-फ्री भोजन सेवा शुरू

ओखरा/मुरमुंदा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार में अक्षय पात्र फाउंडेशन (भिलाई) की हाइजीनिक टच-फ्री भोजन सेवा का शुभारंभ हुआ। इससे स्कूल के 140 बच्चों को रोजाना गर्म व पौष्टिक भोजन मिलेगा। प्रथम दिवस बच्चों को खिचड़ी और हलवा परोसा गया। इस व्यवस्था को शुरू कराने में सरपंच पुष्पा चौहान, श्यामसुंदर चौहान, प्रधान पाठक पायल बंछोर, शिक्षकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

प्रशासनिक उपेक्षा पर कोटवारों ने दिखाई एकजुटता

अंडा। कोटवार एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ (शाखा तहसील व जिला दुर्ग) ने विभिन्न मुद्दों को लेकर एकजुटता दिखाई है। इस संदर्भ में 8 अक्टूबर गुरुवार को तहसील कार्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय बैठक बुलाई गई है। जिलाध्यक्ष अनूप सिंह गर्ग ने बताया कि शासन स्तर पर कोटवारों को बेवजह परेशान किए जाने से वे आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित हैं। यदि उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण नहीं हुआ, तो संघ हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने पर मजबूर होगा। इस दौरान तहसील अध्यक्ष संतोष गजपाल, सचिव नारद दास मानिकपुरी, गोविंद दास मानिकपुरी, एस. कुमार चौहान, पाटन अध्यक्ष बलबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

निधन

सावित्री मिश्रा

दुर्ग। मिल पारा दुर्ग निवासी सावित्री मिश्रा 63 वर्ष का निधन 6 अक्टूबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 7 अक्टूबर को दोपहर शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। वे सुभाष चंद्र मिश्रा की पत्नी और निधि पांडेय, ज्योति मिश्रा, कीर्ति पांडेय, श्रुति पांडेय एवं अजीत मिश्रा की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।



दुर्गावती पांडेय

भिलाई। कैम्प, मदर टेरेसा नगर निवासी दुर्गावती पांडेय का निधन मंगलवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनोज कुमार पांडेय की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



लाभू बेन पटेल

दुर्ग। मोहन नगर निवासी लाभू बेन पटेल (76 वर्ष) का निधन 6 अक्टूबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में 7 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे किया जाएगा। वे भीखू भाई पटेल की पत्नी और किशोर भाई पटेल, विकास भाई पटेल, विशाल भाई पटेल की मां थीं। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है।



विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं का प्रचार भी जारी

सामाजिक और शासकीय अभियान में 'सेवा संकल्प' व 'आंगन मिलन' कार्यक्रमों की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सेवा कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में 'आंगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम कुम्हली (जामगांव आर) में मुख्य अतिथि सरिता साहू, सरपंच टिकेश्वरी ठाकुर, मोगन सपहा व उपसरपंच विजय कुमार साहू की मौजूदगी में कुर्सी दौड़, रंगोली, गोदभराई, अन्नप्राशन और कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया, जहाँ भुनेश्वरी साहू, जमुनादेवी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, सचिव अरुण निर्मलकर, शकुन महिपाल, कल्याणी साहू, पुष्पा यादव, पद्मा साहू, गीता चंद्राकर, शिला चंद्राकर, केवरा वर्मा, गीतांजली चंद्राकर, राधिका चंद्राकर, मीना चंद्राकर, संतोषी साहू, सरोजनी यादव, तारणी साहू, लता वर्मा, उषा साहू, होमिन साहू, गंगा साहू, उत्तरा साहू, रमशीला साहू, धनेश्वरी साहू, रिंकु गुप्ता, गुंजा साहू, धनेश्वर साहू, कामनी साहू, थानेश्वरी साहू, सोनिया साहू, भावना साहू, नवनीता साहू, माधुरी सिन्हा, संगीता साहू, सीमा यादव, पद्मणी महिपाल, पूजा यादव, खुशबू साहू, आरती सुपहा, नंदनी साहू, रमेश्वरी सुपहा, धनंजय सुपहा, नागेंद्र सुपहा, सोहन ठाकुर, तिहारू महिपाल, मेहत्तर यादव एवं खिलावन साहू उपस्थित रहे।

पोषण किट वितरण और कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



महिलाएं हैं समृद्ध समाज की आधारशिला



पाटन। ग्राम महुदा व खम्हरिया (कु.) में जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने महिलाओं को समृद्ध समाज की आधारशिला बताया, जहाँ तृप्ति चंद्राकर, मधु कांता साहू, दामिनी साहू, घनश्याम कौशिक, सरपंच सोनिया यादव, उपसरपंच मनोज देशलहरे, सचिव दशमत सोनवानी व रानी साहू मौजूद रहे। ग्राम खोपली में बिंदु देशलहरे, सरपंच मंजू फतेलाल वर्मा, विमला कामड़े, राकेश देवांगन, सचिव पुराणिक साहू, पंच शुभम वर्मा, योगेंद्र साहू, सुरेश यादव, अरुण चंद्राकर, रंजना वर्मा, सुलोचना, कल्याणी चंद्राकर, कुमारी भारती, गोदावरी देशलहरे तथा कार्यकर्ता धरम बाई चंदेल, मधुलता काकड़े, दीपक चंद्राकर, फुलेश्वरी पाटिल, सुनीति साहू, श्यामाबाई कोशरे, गंगा बाई, अमरीका वर्मा व चांदनी गायकवाड़ ने विभागीय जानकारी साझा की।

आमटी में पोषण जागरुकता कार्यक्रम



अंडा। ग्राम पंचायत आमटी में सेवा संकल्प अभियान के तहत गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने खेलकूद व मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। उपस्थित महिलाओं को संतुलित आहार और आंगनबाड़ी सेवाओं की जानकारी दी गई। आयोजन में सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, सचिव उत्तम देशमुख, पर्यवेक्षक कंचन गौतम, अक्षय पात्र फाउंडेशन की टीम एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

संदीपनी अकादमी में आयोजित 'नमो सेवा' कार्यक्रम



ओखरा /मुरमुन्दा। ग्राम अछोटी स्थित संदीपनी अकादमी में आयोजित 'नमो सेवा' कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भिलाई जिला महामंत्री सुषमा जेठानी, मनोज तिवारी, एकता भोजराज साहू, नागेश साहू, हेमा भोजेश्वर साहू, शारदा जांगड़े, सरिता वर्मा, हीरालाल मारकंडे, पुष्पा साहू, मन्नू लाल साहू और बुधराम साहू ने सेवा संकल्प लिया। ग्राम घुघुवा, करसा और गमरा में प्रणव शर्मा, सुपरवाइजर संध्या सिंह, दुलारी वर्मा, सरपंच शैलेन्द्री साहू, कार्तिक साहू, कमलेश ठाकुर, पूनम पांडेय, राधिका देवांगन, कौशल्या साहू, अनीता साहू, शकुन साहू, सावित्री साहू, लुकेश्वरी व भुनेश्वरी ने बापू व शास्त्री जी को नमन कर योजनाओं की जानकारी दी और नवजात गौरव डहरिया का अन्नप्राशन कराया।

भानपुरी में खेलकूद प्रतियोगिता व कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित



अण्डा। ग्राम भानपुरी में सभापति लोमश चंद्राकर और सरपंच उमेंदी ठाकुर की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ी पकवानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। खपरी सिलोदा (रसमड़ा) में जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, अजय कुमार साहू व ऊषा झा के मार्गदर्शन तथा सरपंच अनसुईया साहू, उपसरपंच दिनेश यादव, पंच उमेश्वरी साहू व पूर्व सरपंच नारायण साहू की उपस्थिति में सुपरवाइजर शशि रैदास, भानुप्रिया साहू, गिरिजा साहू व लक्ष्मी साहू को पुरस्कृत किया गया। जामुल के काली माता वार्ड 1 में पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर, जगदीश देवांगन, लक्ष्मी वर्मा, कार्यकर्ता सावित्री कहरा, सहायिका गौरी निषाद, मितानिन प्रतिमा साहू व परियोजना अधिकारी नीलम राय ने महिलाओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिताएं कराईं।

फिर बदले अफसरों के प्रभार

पाटन। पाटन विधानसभा क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला लगातार जारी है। अब पाटन के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पद की जिम्मेदारी नवपदस्थ डिप्टी कलेक्टर नीर निधि नंदेहा को सौंपी गई है। पाटन में एसडीएम के प्रभार में करीब दो सप्ताह पहले ही बदलाव कर प्रफुल्ल गुप्ता को यह जिम्मेदारी दी गई थी, जिन्हें हटाकर अब नीर निधि नंदेहा को कमान सौंपी गई है।



इससे पहले उत्तम ध्रुव ने पाटन एसडीएम के रूप में बारिश और बाढ़ की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में क्षेत्र की व्यवस्था संभाली थी, जिसके बाद उनका स्थानांतरण महेंद्रगढ़ कर दिया गया था। उत्तम ध्रुव से पहले लवकेश ध्रुव पाटन एसडीएम थे, जिन्हें धमधा भेजा गया था। करीब चार महीने के भीतर लगातार हो रहे इन बदलावों से स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज है कि आखिर पाटन में स्थायी एसडीएम की पदस्थापना कब होगी। एसडीएम के साथ ही तहसीलदार पद पर भी लगातार फेरबदल देखा गया है। पवन ठाकुर के स्थानांतरण के बाद ममता टावरी को पाटन का तहसीलदार बनाया गया था, लेकिन पदभार ग्रहण करने से पहले ही उनका स्थानांतरण नारायणपुर कर दिया गया, जिसके बाद अब मनोज गुप्ता को पाटन तहसीलदार की जिम्मेदारी दी गई है। राजस्व विभाग के इन दोनों प्रमुख पदों पर बार-बार हो रहे बदलावों से क्षेत्र की जनता के मन में प्रशासनिक व्यवस्था और राजनीतिक दबाव को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। अब नई एसडीएम नीर निधि नंदेहा के पदभार संभालने के बाद देखना होगा कि पाटन की प्रशासनिक व्यवस्था किस दिशा में आगे बढ़ती है।



कर्मी को दी विदाई

अण्डा। छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी अंडा में पदस्थ विक्रम सिंह निर्मलकर को उनके स्थानांतरण/कार्यकाल समाप्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यपालन यंत्री दुर्ग ग्रामीण छगन शर्मा, सहायक यंत्री अविनाश दुबे, श्रीकांत बकगयई, कनिष्ठ यंत्री गोपाल वर्मा, मौलेश साहू, धनेश चन्द्राकर, लोकेश्वर बागडे, लोकनाथ, नरेन्द्र साहू, टिकेश्वर यादव, शिव यादव, अरुण साहू, संदीप मंडावी, यशवंत साहू, तुलसी साहू, तामलाल देशमुख, गिरधर, सूरज मधु साधू, अज्जू दिल्लीवार, रानू चन्द्राकर, गजेन्द्र मेश्राम, निरंजन वर्मा, भागवत देवांगन, निलकंठ निर्मलकर, सूगर्देव, सावन साहू, राजेन्द्र ताम्रकार, रामकुमार साहू, जनक सिन्हा, टिकेश्वर, डिगेन्द्र, उमेश और अजय चौहान ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पारंपरिक खेल विकसित करते हैं आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता : साहू



हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

जय मां शीतला कबड्डी दल एवं ग्रामवासी करेला के तत्वाधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि अशोक साहू (विधायक प्रतिनिधि, पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग) थे। अध्यक्षता राजेश ठाकुर (अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस जामगांव आर)ने की,विशेष अतिथि रुपेन्द्र शुक्ला(अध्यक्ष सरपंच संघ पाटन), डा राजेश बन्छोर (सरपंच), यादव राम सेन (पूर्व सेक्टर प्रभारी), गोकुल ठाकुर समाजसेवी, रोहित साहू,भानु वर्मा, बुधराम देशमुख रहे। मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष अशोक साहू ने छत्तीशगढ़ की खेल,परम्परा, संस्कृति को सहेजने के लिए युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है।ब्लॉक अध्यक्ष राजेश ठाकुर और सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र शुक्ला ने भी संबोधित किया। इस दौरान छबि ठाकुर,लोमश बंजारे,विजय बंछोर, डा दिनेश सोनी, ऐनुराम साहू,अध्यक्ष तोमेश्वर कंवर, उपाध्यक्ष हितेश यादव, सचिव संदीप ठाकुर, कोषाध्यक्ष लालजी यादव प्रशांत बंछोर, ऋतिक कंवर, हेमंत यादव, भैरव लाल, नरेश, गुलाम, तेजराम, पारस, डाकेश आदि उपस्थित थे।

राम नाम रूपी सुरसरि की भव्य शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



भगवान श्रीरामचन्द्र जी, पितृ पूर्वजों एवं ग्राम्य देवताओं की पवित्र स्मृति में ग्राम जोरातराई में 75वें 'राम नाम रूपी सुरसरि' के भव्य आयोजन की शुरुआत मंगलवार की शाम से हो चुकी है। आयोजन के तहत जय मां शीतला जस झांकी एवं रामधुनी मंडली, बुल्लूटोला द्वारा भस्मासुर वध प्रसंग की मनमोहक प्रस्तुति दी जा रही है।

मुकेश कुमार सेन से मिली जानकारी के अनुसार, 7 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक जय मां शीतला रामधुनी मंडली, जोरातराई (आर) द्वारा शिव विवाह प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रद्धा महिला रामधुनी परिवार पेरपार (गुरूर) द्वारा शिकारी पुत्र शंकर प्रसंग तथा रात्रि 8 बजे से जय मड़िया बाबा रामधुनी मंडली द्वारा महिषासुर वध प्रसंग की प्रस्तुति दी जाएगी। आगे की कड़ी में 8 अक्टूबर को विनायक गुरुकृपा रामधुनी भिरई (हटकेश्वर) द्वारा सती अनुसूइया प्रसंग, जय अम्बे मानस एवं रामधुनी मंडली कजराबांधा द्वारा राम वनवास व केवट प्रसंग तथा रात्रि में जय बजरंग रामधुनी मंडली लासाटोला द्वारा बाली उद्धार प्रसंग का मंचन होगा। वहीं 9 अक्टूबर को लोक नृत्य रामधुनी परिवार तुमड़ीकसा द्वारा राजा भोज-राजा प्रसंग होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह साहू, उपाध्यक्ष डॉ. नारायण लाल साहू, सचिव हरिश्चंद्र अंगारे, सहसचिव राम यादव, कोषाध्यक्ष डिलेश्वर सोनेश्वरी, संयोजक मोतीलाल अंगारे व डिलेश कुमार साहू तथा संदेशवाहक मुकेश कुमार साहू व योगेन्द्र कुमार साहू ने धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

अमलेश्वरडीह में बापू का स्मरण व मंदिर का भूमिपूजन



पाटन। पाटन के अमलेश्वर डीह में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जनप्रतिनिधियों और समाज प्रमुखों ने बापू की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके सत्य व अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अमलेश्वर के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, पार्षद डोमन यादव, एल्डरमैन रामाधार साहू, ग्राम अध्यक्ष चैन सिंह साहू, साहू समाज अध्यक्ष भागीराम साहू, उपाध्यक्ष संत राम साहू, अखाड़ा समिति संचालक देवप्रसाद साहू व कबड्डी समिति अध्यक्ष पन्नाराम साहू उपस्थित रहे। यहां माँ अंजनी अखाड़ा समिति द्वारा कबीर चौक स्थित हनुमान मंदिर के नए भवन निर्माण हेतु विधि-विधान से भूमिपूजन संपन्न कराया गया। वर्तमान में सद्गुरु कबीर साहेब मंदिर में विराजित हनुमानजी की प्रतिमा को भवन निर्माण के बाद नए मंदिर में स्थापित किया जाएगा। भूमिपूजन अवसर पर अमलेश्वर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, डोमन यादव, रामाधार साहू, देवप्रसाद साहू, कौशल यादव, चैन सिंह साहू, भागीराम साहू, संतराम साहू, मोना साहू, हेमू साहू, डिगेश मेश्राम और कुलेश्वर साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

श्रीमद्भागवत कथा और अखंड रामधुनि सम्मेलन

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम और रामधुनि की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा



बालोद जिले के ग्राम लोन्डी में साहू परिवार द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ में लिमतरा के कथावाचक संत निरंजन महाराज ने संगीतमय कथा का वाचन किया। कथा के चौथे दिन ध्रुव चरित्र, जड़ भरत कथा, भगवान नरसिंह अवतार और भक्त प्रहलाद प्रसंग का वर्णन हुआ। पाँचवें दिन गजेंद्र मोक्ष, समुद्र मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार और राजा बलि के दान प्रसंग की व्याख्या की गई। छठवें दिन कथा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पूतना वध, बाल लीलाओं और माखन चोरी के प्रसंगों पर श्रद्धालु झूम उठे। 9 अक्टूबर तक चलने वाले इस आयोजन के सूत्रधार मानिक राम, लक्ष्मी बाई, टेमन लाल, माधु साहू, खीलूराम, शंकर लाल, सावन बाई, ओमप्रकाश, ममता, ब्रह्मराम, माधुरी बाई, लोकेश, राकेश, त्रिलोक, गजानन, धनेश, रमेश व ललिना साहू सहित समस्त साहू परिवार हैं।

उधर, ग्राम किकिरमेटा में त्रिदिवसीय अखंड रामधुनि सम्मेलन का समापन हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत दुर्ग की सभापति कल्पना नारद साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन समाज के लिए सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और मर्यादा का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता किकिरमेटा-शुक्लाडीह सरपंच देवकी जेठूराम निषाद ने की तथा बेल्हारी सरपंच अमित अग्रवाल, विधायक निज सहायक देवप्रकाश साहू, संजू साहू, कमलेश यादव, जागेश्वर साहू, कांशीराम साहू, मनीष सिन्हा, शेषनारायण सिन्हा, टिकेश्वर साहू, नवीन साहू, कुलदीप, संदीप, अनिल व शिवप्रसाद सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

अंचल की खबरें

'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' में भागीदारी दी बच्चों ने



उतई। भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में केंद्रीय विद्यालय सी.आई.एस.एफ. उतई में 'स्वच्छता ज्ञान यात्रा' का आयोजन किया गया। छात्रों ने नाटक प्रस्तुत कर अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस-तरल कचरा निपटान, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन का संदेश दिया। मुख्य अतिथि रूना चौधरी ने स्वच्छता को आदत बनाने पर बल दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर सोमा शील गुहा, सृजन, ए.बी. सिंह, निधि केरकेट्टा, उमेश कुमार संत, माधुरी, आशीष, आंचल सिंह, आंचल कन्नौजे, नमिता, दीप्ति, सीमा विश्वकर्मा, ऋतु कुम्भकार, राजन शर्मा, किरण और ममता उपस्थित थे।

28 राज्यों की यात्रा कर लौट रहे सौरभ का स्वागत



पाटन। भारत भ्रमण के उद्देश्य से पैदल यात्रा पर निकले छत्तीसगढ़ के सौरभ देवांगन 28 राज्यों एवं 5 केंद्र शासित प्रदेशों की यात्रा पूरी करने के पश्चात रायपुर लौट रहे हैं। इसी दौरान ग्राम औरी में परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के पदाधिकारियों से उनकी मुलाकात हुई। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने सौरभ देवांगन से उनकी यात्रा के अनुभवों के संबंध में चर्चा की तथा उनके साहस, संकल्प और पर्यावरण संरक्षण के संदेश की सराहना की। सौरभ देवांगन ने बताया कि वे 7 अक्टूबर 2021 से भारत की पैदल यात्रा पर निकले हैं। अब तक वे देश के 28 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में पैदल भ्रमण कर चुके हैं और इस दौरान 20 हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुके हैं। ग्राम औरी में हुई इस मुलाकात के दौरान परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के पदाधिकारियों ने सौरभ देवांगन को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं और उनके अनुभवों को समाज एवं युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। सौरभ देवांगन ने भी सभी का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण और समाजहित में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। सौरभ देवांगन, मूलतः ग्राम जारा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़) के निवासी हैं।

चंद्रशेखर को मिला 'बेस्ट यंग फार्मर अवार्ड'



पाटन। आईसीएआर-सीआईएई संस्थान, भोपाल में दिल्ली प्रेस की कृषि पत्रिका 'फार्म एन फूड' द्वारा आयोजित 'राज्य स्तरीय फार्म एन फूड कृषि सम्मान अवार्ड' में ग्राम चंगोरी (पाटन) के चंद्रशेखर वर्मा को 'बेस्ट यंग फार्मर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। उद्यानिकी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह और राज्यमंत्री गौतम टेटवाल की उपस्थिति में यह पुरस्कार खेती में तकनीकी नवाचार और आधुनिक तरीकों को अपनाने के लिए दिया गया। 100 से अधिक नामांकनों में से 4-सदस्यीय जूरी ने विजेताओं का चयन किया था।

पूर्व मंत्री की मौजूदगी में मनाया राजीव का जन्मदिन



धमधा। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता के जन्मदिन पर धमधा में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ा। समारोह में पूर्व कृषि मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता रविंद्र चौबे विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने राजीव गुप्ता की राजनीतिक व सामाजिक सक्रियता की सराहना करते हुए केक कटवाया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने बधाई देते हुए राजीव गुप्ता के निरंतर जनजुड़ाव को रेखांकित किया। इस अवसर पर राजीव गुप्ता ने रविंद्र चौबे के आगमन को अपना सौभाग्य बताते हुए कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्य हमेशा मिसाल बने रहेंगे। इस दौरान दानेश्वर साहू, शमशीर कुरैशी, निर्मल जैन, मधुसूदन राणा, अरुण साहू, जालम पटेल, राज पटेल, संतलाल बंजारे, हिम्मत ढीमर, ज्वाला साहू, अघ्नु पाल, राजेश मानिकपुरी, बंटी वैष्णव, जीवन निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा, परमेश्वर यादव, देवेंद्र चंदेल, यगेन्द्र दिल्लीवार, योगेश साहू, रेवा बंजारे, लुमेश्वर पटेल, रामकुमार पटेल, रोमन पटेल, टीकाराम उमरे, श्रवण साहू, आकाश द्विवेदी, विजय दीमर, सुरेश ढीमर, सुमन्त ताम्रकार, विनोद पटेल, त्रिलोकी पटेल, रामचन्द्र जंघेल, पप्पू सोनवाने, मुकेश वर्मा, निक्की राजपूत, बब्बू वैष्णव, अनिल साहू आदि मौजूद थे।

जन्मदिन पर कराया नेवता भोज



अण्डा। ग्राम जंजगिरी के वार्ड 3 के पंच नरेंद्र देशमुख ने अपने जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के 156 विद्यार्थियों को नेवता भोज कराया तथा रसोइयों को साड़ियाँ भेंट कीं, जहाँ प्रधान पाठक सरिता दुबे, जयश्री गौतम, डूलेश्वर चंद्राकर, पंच किशोर देशमुख, परसराम ठाकुर व प्रदीप देशमुख उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री की घोषणा : सेलूद कन्या विद्यालय में शेड निर्माण के लिए 10 लाख मंजूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलूद की छात्राओं के लिए एक बड़ी सौगात सामने आई है।

शिक्षामंत्री गजेंद्र यादव की घोषणा के 24 घंटे के भीतर विद्यार्थियों की मांग पर विद्यालय में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। लोक शिक्षण संचालनालय ने प्रशासकीय स्वीकृति का आदेश जारी कर दिया है। प्रार्थना शेड का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के माध्यम से कराया जाएगा। शेड बनने से विद्यालय में प्रतिदिन होने वाली प्रार्थना सभा के साथ-साथ शैक्षणिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और अन्य सामूहिक गतिविधियों के संचालन में सुविधा होगी। विशेष रूप से गर्मी के मौसम में धूप तथा बारिश के दौरान छात्राओं को एक सुरक्षित और व्यवस्थित स्थान उपलब्ध होगा। विद्यालय के सामूहिक आयोजनों के लिए भी यह शेड उपयोगी साबित होगा।

शैक्षणिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजनों के लिए होगी सुविधा

सोमवार को विद्यार्थियों से की थी मंत्री ने चर्चा

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सोमवार को सेवा सेतु शिविर में शामिल होने दुर्ग जिले के ग्राम फेकारी पहुंचे थे। कार्यक्रम से वापस लौटते समय उन्होंने सेलूद चौक स्थित हाईस्कूल से छुट्टी के बाद घर लौट रहे विद्यार्थियों से सहज और संवाद किया। मंत्री को अपने बीच पाकर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक अपनी पढ़ाई, तिमाही परीक्षा की तैयारी और खेल-कूद सहित विद्यालय से जुड़ी आवश्यकताओं की जानकारी साझा की। इसी दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय में प्रार्थना शेड और मंच निर्माण की आवश्यकता बताई।



24 घंटे में कार्रवाई, संवेदनशील सरकार की कार्यशैली

यह पहल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की उस कार्यशैली को दर्शाती है, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम नागरिकों की आवश्यकताओं को प्राथमिकता देते हुए त्वरित निर्णय लिए जा रहे हैं। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक शासकीय विद्यालय में विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिले और विद्यालयों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना का विकास हो।

मंच, खेल मैदान, पेयजल आदि हो रहे बेहतर

शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का कहना है शासकीय स्कूल केवल शिक्षा प्रदान करने का माध्यम नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और उनके भविष्य की नींव रखने वाले संस्थान हैं। इसी दृष्टि से विद्यालयों में कक्षाओं, प्रार्थना स्थल, मंच, खेल मैदान, पेयजल, शौचालय सहित आवश्यक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। रदेश सरकार द्वारा शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता के साथ-साथ अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

खबर संक्षेप



नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम का गिफ्ट वितरण शुरू

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र में नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार वितरण का सिलसिला शुरू हो गया है। कर्मियों को ट्राली बैग बतौर उपहार बांटे गए। मुख्य अतिथि ने सभी की हौसलाआफजायी की। स्टील एम्प्लाइज यूनियन इंटक की मांग पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा फरवरी 2025 में नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम प्रारंभ की गई थी। विभिन्न विभागों द्वारा निर्धारित मासिक लक्ष्य प्राप्त करने पर कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि/उपहार प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई थी। इसके तहत ओएचपी विभाग में कर्मचारियों को अमेरिकन टूरिस्टर के ट्रॉली बैग वितरित किए गए। विभाग प्रमुख एवं मुख्य महाप्रबंधक आर बगहरवार ने कर्मचारियों को ट्रॉली बैग प्रदान किए। इस अवसर पर इंटक के उपमहासचिव ताम्रध्वज सिन्हा, जय किशोर ब्रहमे सी एल चंद्राकर संजय गल पांडे,दुर्गेश गोड, सी एल चंद्राकर सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। योजना को पुनः निरंतर जारी करने की मांग इंटक के महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि कर्मचारियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने वाली ऐसी योजनाओं से कार्यस्थल पर उत्साह बढ़ता है तथा उत्पादन एवं उत्पादकता में सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में कार्यपालक निदेशक, मानव संसाधन श्री पवन कुमार से चर्चा कर नॉन-फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम को जल्द से जल्द पुनः चालू करने की मांग की गई है।

आज निकलेगी सेवा ज्योति बाइक रैली

भिलाई। सेवा संकल्प के अंतर्गत सेवा ज्योति यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम दुर्ग स्थित रवि शंकर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए भिलाई से बाइक रैली निकाली जाएगी। बाइक रैली 7 अक्टूबर को सुबह 8:30 बजे नेहरू नगर चौक से प्रारंभ होगी। रैली नेहरू नगर चौक से पटेल चौक तक जाएगी। इसके पश्चात सभी जनप्रतिनिधि एवं नागरिक पटेल चौक से रवि शंकर स्टेडियम, दुर्ग के लिए रवाना होकर जिला स्तरीय सेवा ज्योति कार्यक्रम में शामिल होंगे।

ग्रेच्युटी, इन्कैशमेंट व सेवा राशि को ब्याजयुक्त खाते में डाले प्रबंधन

बीएसपी कर्मियों की सेवानिवृत्ति राशि भुगतान में विलंब से दोतरफा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रिटायर होने वाले कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति पर मिलने वाली करोड़ों की राशि को प्रबंधन द्वारा आवास और एनओसी के नाम पर रोके जाने से असंतोष है। विलंब होने से कर्मियों को दोतरफा नुकसान हो रहा है। यूनियनों ने अनापत्ति प्रमाणपत्र के कारण सामाजिक सुरक्षा वाली सेवानिवृत्ति

- हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रबंधन से की मांग

राशि को रोका जाना अवैधानिक बताते हुए इसे भुगतान होते तक ब्याजयुक्त खाते में रखे पर जोर दिया है। इस संबंध में जल्द ही यूनियन प्रबंधन को ज्ञापन सौंपेगी।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन के द्वारा आवास और अनापत्ति प्रमाण पत्र के नाम पर रोकी गई कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, लीव एन्कैशमेंट तथा सेवा की राशि का ब्याजयुक्त खाते में रख-रखाव सुनिश्चित किये जाने को लेकर केंद्र सरकार का स्पष्ट प्रावधान है। हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति के मुताबिक भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी, लीव एन्कैशमेंट और सेवा की राशि को अनापत्ति प्रमाण पत्र के नाम पर रोककर रखना विधिसम्मत नहीं है। यह राशि कर्मचारियों की वर्षों की मेहनत की कमाई और सेवा से अर्जित स्वत्व है, जो उनके और उनके परिवार के भविष्य की आर्थिक सुरक्षा है। यूनियन के संयोजक राजेंद्र परगनिया ने बताया कि यदि अंतिम भुगतान में किसी कारणवश विलंब होता है, तो रोकी गई राशि को विधिवत ऐसे ब्याजयुक्त खाते में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इस पर ब्याज देय हो, न कि ऐसे खाते में जहाँ कर्मचारी की अंतिम भुगतान राशि पर कोई ब्याज प्राप्त न हो।

एनओसी के नाम पर रोकना है अवैधानिक



प्रबंधन बताए राशि कहां निवेश कर रहे

हाउस लीज संघर्ष समिति ने प्रबंधन से मांग की कि यदि बीएसपी प्रबंधन द्वारा ग्रेच्युटी की राशि को बिना ब्याज वाले खाते में रखा जाता है, तो प्रबंधन को उसका स्पष्ट और युक्तिसंगत कारण संबंधित कर्मचारी को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही बीएसपी प्रबंधन द्वारा प्रत्येक संबंधित कर्मचारी को तत्काल लिखित रूप में जानकारी दी जाए कि उसकी रोकी गई राशि किस खाते में रखी गई है अथवा कहाँ निवेश की गई है, उस पर कितनी ब्याज राशि अर्जित हुई है। ग्रेच्युटी के भुगतान में वैधानिक विलंब होने पर उपादान भुगतान अधिनियम, 1972 की धारा 7(3 ए) के अधीन केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित 10 प्रतिशत ब्याज का भुगतान करना नियोक्ता का वैधानिक दायित्व है।

समयबद्ध भुगतान बीएसपी की जिम्मेदारी

केंद्र सरकार की अधिसूचना 1 दिसंबर 1987, एसओ. **No**. 873(ई) के अनुसार, ग्रेच्युटी की राशि के भुगतान में विलंब होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज का भुगतान किया जाना निर्धारित किया गया था। प्रशासनिक प्रक्रिया अथवा नो ड्यूस सर्टिफिकेट के नाम पर कर्मचारियों की राशि को अनावश्यक रूप से रोककर बीएसपी प्रबंधन स्वयं को नुकसान पंहुचाकर अतिरिक्त ब्याज देयता उत्पन्न न करे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की वर्षों की मेहनत से अर्जित राशि को सुरक्षित, पारदर्शी और ब्याजयुक्त व्यवस्था में रखना तथा उसका समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करना बीएसपी प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। संघर्ष समिति के राजेंद्र परगनिया ने बताया कि समिति की बैठक में कर्मियों के सामाजिक सुरक्षा से जुड़े इस अहम मुद्दे के प्रावधानों पर चर्चा बाद जल्द प्रबंधन को ज्ञापन सौंपकर राशि को ब्याजयुक्त खाते में डालने की मांग की जाएगी।

पदोन्नति नहीं देने से नाराज टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों ने शुरू किया सत्याग्रह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ ने पदोन्नति न्याय पदयात्रा निकालने के बाद मंगलवार से अनिश्चितकालीन सत्याग्रह शुरू कर दिया है। बीआईटी दुर्ग के सामने

- प्रदेशभर के हजारों शिक्षकों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन आंदोलन

प्रशासन द्वारा निर्धारत धरना स्थल पर ये शिक्षक बैठे हुए हैं। पूरे दिन आंदोलनरत शिक्षकों ने अपनी मांग को लेकर नारेबाजी की और अपने हक के लिए सरकार को जमकर कोसा। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, धमतरी, राजनांदगांव, कवर्धा, रायपुर, बिलासपुर सहित पूरे प्रदेशभर के प्रभावित शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति दी। 7 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर जाने की चेतावनी भी दी गई।

15-20 साल से दे रहे हैं सेवाएं

आंदोलनरत शिक्षकों ने बताया कि वे पिछले 15- 20 साल से स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हम शिक्षकों ने टीईटी की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। इसलिए अब नियम के हिसाब से पदोन्नति की पूरी पात्रता हासिल कर ली है। उसके बाद भी शासन द्वारा पदोन्नति की प्रक्रिया को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के नियम के हिसाब से 5 साल की सेवाएं पूर्ण करने वाले शिक्षक पदोन्नति के पात्र हो जाते हैं। उसके बाद भी पदोन्नति लंबित रखकर उनके अधिकार व हक से वंचित किया जा रहा है।

इस तरह हो रही है आदेश की अवहेलना

आंदोलनरत शिक्षकों ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मई 2026 से सभी स्तरों पर पदोन्नति प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। 15 मई को लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा आदेश जारी कर 30 जून तक पदोन्नति पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। 30 जून को दूसरी समय.सीमा तय करते हुए 15 अगस्त तक प्रक्रिया पूरी करने का नया पत्र जारी हुआ। 10 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षाअधिकारियों को 30 अगस्त तक पदोन्नति अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए। बार- बार समय सीमा तय किए जाने और अंतिम मियाद बीत जाने के बावजूद पदोन्नति प्रक्रिया आज तक अधूरी है और विभाग पूरी तरह मौन साधे बैठा है। इससे प्रदेश भर के पात्र शिक्षकों में यह स्पष्ट संदेश जा रहा है कि शासन स्तर से ही इसे मौखिक रूप से लंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग की इस उपेक्षापूर्ण कार्यशैली से शिक्षकों में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है।

सेल ने वित्त वर्ष की पहली छमाही में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बनाए कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर और सितंबर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्पादन, विक्रय और दक्षता के मानकों पर अब तक के

- सितंबर में भी कंपनी की मजबूत रफ्तार जारी

कई सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान हासिल किए हैं। प्रचालन उत्कृष्टता, हाई-एंड इस्पात उत्पादन और वित्तीय अनुशासन पर कंपनी के फोकस के चलते सतत वृद्धि हुई और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हुआ।

पहली छमाही की संचयी अवधि के दौरान सेल ने हॉट मेटल, क्रूड स्टील और फिनिश्ड स्टील का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन क्रमशः 10.2 मिलियन टन, 9.6 मिलियन टन और 8.39 मिलियन टन दर्ज किया, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः 2%, 1% और 1% की वृद्धि दर्ज की गई। इसी के साथ कुल विक्रेय इस्पात उत्पादन में फिनिश्ड स्टील उत्पादन की हिस्सेदारी बढ़कर 89.2% हो गई, जो अप्रैल-सितंबर 2025 में 86.8% थी। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 30% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2 मिलियन टन हाई-एंड इस्पात उत्पादन किया है।

उत्पादन व विक्रय दोनों का रिकार्ड

कंपनी ने लौह अयस्क उत्पादन और लौह अयस्क विक्रय दोनों में ही अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया; जहां लौह अयस्क उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13% की वृद्धि हुई, वहीं इसी अवधि के दौरान लौह अयस्क विक्रय 190% की बढ़ोत्तरी के साथ 2.671 मिलियन टन हो गया। वित्त वर्ष की पहली छमाही में, कंपनी ने लगभग 0.145 एमटी इन्वेंट्री में कमी की और इस अवधि के दौरान 1,080 करोड़ की उधारी कम की। सेल द्वारा सितंबर में, मार्केटिंग की दिशा में संगठित फोकस और दक्षता में सुधार के चलते ठोस परिणाम मिले। इससे कंपनी ने 1.69 मिलियन टन की अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ सितंबर विक्रेय इस्पात बिक्री हासिल की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4% अधिक है।

प्रधानमंत्री आवास की बकाया राशि जमा करने हितग्राहियों को डोर-टू-डोर सूचना

भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मकानविहीन एवं किराये के मकानों में निवासरत परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस के तहत पक्के आवास उपलब्ध कराए गए हैं। शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशानुसा आवास आबंटित होने के पश्चात हितग्राहियों को आवास की शेष राशि जमा करने के लिए 9 माह की समयावधि प्रदान की गई थी। निर्धारित समयावधि पूर्ण होने के बावजूद कई हितग्राहियों द्वारा अब तक आवास की शेष राशि जमा नहीं की गई है।



नगर पालिक निगम द्वारा ऐसे हितग्राहियों को बकाया राशि जमा करने के लिए सूचना देने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निगम की टीम द्वारा संबंधित हितग्राहियों के घरों में डोर-टू-डोर पहुंचकर सूचना पत्र प्रदान किया जा रहा है। सूचना पत्र के माध्यम से हितग्राहियों को आवास की शेष राशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जमा करने के संबंध में अवगत कराया जा रहा है। वहीं जिन हितग्राहियों के आवास बंद पाए जा रहे हैं, उनके मकान के दरवाजे पर ही सूचना पत्र चस्पा किया जा रहा है, ताकि संबंधित हितग्राही तक बकाया राशि जमा करने संबंधी सूचना पहुंच सके। निगम द्वारा हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपने आवास की शेष राशि समय पर जमा कर योजना से संबंधित आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करें। नगर निगम की टीम द्वारा क्षेत्रवार ऐसे आवासों का निरीक्षण कर हितग्राहियों को सूचना देने की कार्रवाई लगातार की जा रही है।

रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, आपका एक कदम बचा सकता है किसी का जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मानव सेवा, संवेदना और सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल पेश करते हुए कल्याणी सोशल वेलफेयर एंड रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शासकीय चिकित्सालय, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में एक गरिमामय एवं प्रेरणादायक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। यह आयोजन संकल्प सेवा सप्ताह एवं मद्य निषेध सप्ताह के उपलक्ष्य में जन-कल्याण की भावना को समर्पित रहा।

शिविर में संस्था के कार्यकर्ताओं, सहयोगियों एवं सजग नागरिकों ने अभूतपूर्व उत्साह के साथ भाग लिया। समाज के प्रति अपने कर्तव्य को सर्वोपरि मानते हुए रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से आगे आकर कुल 30 यूनिट रक्तदान किया। प्रत्येक रक्तदाता का यह संकल्प उन गंभीर मरीजों और आपातकालीन पीड़ितों के लिए एक नई उम्मीद की किरण बना, जिन्हें जीवन की रक्षा के लिए रक्त की तत्काल आवश्यकता होती है। वक्ताओं ने कहा कि हमारा शरीर निरंतर नया रक्त बनाता है, लेकिन आपके द्वारा दिया गया कुछ यूनिट रक्त किसी उजड़ते परिवार का चिराग बुझने से बचा सकता है। नशामुक्त, स्वस्थ और संवेदनशील समाज



- युवाओं ने दिखाया सामाजिक उत्तरदायित्व का जज्बा

वही है, जो दूसरों के दर्द को महसूस करे और आगे बढ़कर उनका संबल बने।

शिविर के दौरान विशेषज्ञों और संस्था की टीम ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इसके स्वास्थ्य और सामाजिक लाभों पर प्रकाश डाला। साथ ही युवाओं से आह्वान किया गया कि वे नियमित रक्तदान को अपनी जीवनशैली और मानवीय धर्म का हिस्सा बनाएं।

कल्याणी संस्था सामाजिक चेतना, नशामुक्ति और जनसेवा के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभाती रही है। कार्यक्रम के अंत में संस्था ने शिविर को सफल बनाने वाले सभी जांबाज रक्तदाताओं, जिला अस्पताल की समर्पित मेडिकल टीम एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

सुपेला पुलिस थाने में सौंपा गया ज्ञापन

सांसद बघेल और सांसद प्रतिनिधि की छवि धूमिल करने वाले के खिलाफ पुलिस में शिकायत, एफआईआर की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित भ्रामक व असत्य जानकारी के जरिए सांसद विजय बघेल और सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह की सामाजिक, राजनीतिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर कोहका निवासी रंजीत ठाकुर ने सुपेला पुलिस में ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। रंजीत ठाकुर के मुताबिक 2 अक्टूबर को सुपेला में शिकायत की गई थी। जिसमें उचित



कार्रवाई न होने के कारण 6 अक्टूबर को पुनः ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि सोशल मीडिया द्वारा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह के निजी और घरेलू मामले में दुर्ग सांसद विजय बघेल को जोडा जा रहा है। वीडियो में सांसद की फोटो को लगातार दिखाकर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

जिसे लेकर उक्त वीडियो, सोशल मीडिया पोस्ट, उसके मूल स्रोत और अपलोडकर्ता की जांच, साक्ष्यों की सुरक्षा मामले से डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को सुरक्षित किया जाए, जांच में किसी भी प्रकार का संज्ञेय अपराध या कानून का उल्लंघन पाए जाने पर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा समेत अन्य भाजपाई ज्ञापन सौपते मौजूद थे।

लोकल ट्रेन का ठहराव नहीं यात्री पहुंचे डीआरएम आफिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लोकल ट्रेनों का ठहराव नहीं होने पर सी और डी केबिन के रहवासी रायपुर स्थित डीआरएम कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या से अवगत कराया है। इस दौरान जिला दुर्ग ग्रामीण कांग्रेस कमेटी जिला महामंत्री व प्रदेश महासचिव असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस राम सूर्यवंशी के नेतृत्व में पहुंचे थे। इस दौरान डीआरएम को ज्ञापन सौंपा गया है। जिसमें बताया गया है कि समय रहते लोकल ट्रेनों का ठहराव नहीं होने पर रेलवे के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। यहां से रोज हजारों की संख्या में लोग अपने काम पर लोकल ट्रेन से निकलते है। ठहराव नहीं होने से देवबलौदा,उरला और चरोदा आदि के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने एन शेखर राव, एन रामू, देवेंद्र, दिनेश यादव, संतोष साहू, रितु वर्मा आदि लोग मौजूद थे।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



छह वर्ष के ध्रुव ने तप से पाया भगवान...

लाइव इवेंट

स्वामी आत्मानंद का योगदान अमर रहेगा : नरेन्द्र बंछोर



भिलाई। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज और छत्तीसगढ़ी कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा संत आत्मानंद जयंती समारोह मरोदा सेक्टर के आत्मानंद उद्यान एवं खेल परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि बीएसपी ओए व सेफी अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर थे। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के अपरिहार्य कारणो से नहीं पहुंचने पर उनका संदेश पढ़ा गया। श्री बंछोर ने आत्मानंद के चित्र पर माल्यापर्ण किया। रिंसाली नगर निगम के पूर्व सभापति केशव बंछोर व वरिष्ठ पत्रकार लखन वर्मा ने स्वामी आत्मानंद के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प किया।

श्री बंछोर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद देश में धर्म, अध्यात्म और समाजसेवा में अमूल्य योगदान किया। स्वामी विवेकानंद ने जो काम किया उसी को आगे बढ़ाने और मानवता के कल्याण के लिए स्वामी आत्मानंद ने अपने आप को समर्पित किया। समाज के आदर्श आत्मानंद का योगदान अमर रहेगा। मुख्य वक्ता लखन लाल वर्मा ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उन्हें स्वामी आत्मानंद का सानिद्धय प्राप्त हुआ । उन्हीं के आशीर्वाद की बदौलत छत्तीसगढ़ में धर्म एवं आध्यात्म की सरिता आज भी कल-कल बह रही है। कार्यक्रम के अध्यक्ष केशव बंछोर ने कहा कि स्वामी आत्मानंद सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को मानवता का संदेश दिए. हमें उनके बताए मार्गों पर सतत आगे बढ़ते रहना है। कार्यक्रम में छह कूर्मि क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष संतोष पाटनवार सहित अनिता वर्मा, चंद्र कुमार वर्मा, कोमलराम धुरंधर, प्रदीप टिकरिहा, मधु वर्मा, प्रकाश बंछोर, गोपाल परगनिहा, सुधीर खिचरिया, सरजू वर्मा, मनहरण वर्मा, पवन चंद्राकर, राधेश्याम चंद्राकर, अजय चंद्राकर, दिनेश वर्मा, तुषार टिकरिहा पवन दिल्लीवार, कौशल वर्मा, अरूण बघेल, धरमपाल वर्मा, प्रेम मढ़रिया, अनिता वर्मा, पीला राम वर्मा, विजय वर्मा, चुम्मन देशमुख, जयप्रकाश देशमुख, कुबेर देशमुख, आई.एस. मनु, प्रेमलाल पिपरिया, अरुणी वर्मा, परमिंदर सिंह, सनीर साहू, मीडिया प्रभारी दुर्गेश बघेल, राकेश धुरंधर, संध्या वर्मा, सुरेखा धुरंधर सहित बड़ी संख्या में कुर्मी समाज के लोग उपस्थित थे।

लाइव इवेंट

भारतीय संस्कृति से जुड़ रहे हजारों नौनिहाल 12 हजार विद्यार्थियों ने दी ज्ञान परीक्षा



दुर्ग। अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण और पाटन क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में किया गया। परीक्षा में करीब 12 हजार विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़े अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। दुर्ग शहर एवं दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 80 स्कूलों, जबकि पाटन क्षेत्र के करीब 110 स्कूलों में परीक्षा आयोजित की गई। विद्यार्थियों में परीक्षा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा यह परीक्षा विगत कई वर्षों से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, संस्कार, महापुरुषों के जीवन आदर्श, नैतिक मूल्यों और देश की गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराना है। परीक्षा के माध्यम से बच्चों में अपनी संस्कृति के प्रति रुचि और गौरव की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। गायत्री परिवार का मानना है कि आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों को अपनी संस्कृति और संस्कारों का ज्ञान भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से संबंधित विषयों की जानकारी दी जाती है और परीक्षा के माध्यम से उनकी समझ को परखा जाता है। परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले उत्कृष्ट विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कारों से जोड़ने का एक सतत अभियान है।

बंछोर बने छग पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष



भिलाई। छग पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन की कार्यकारिणी की पॉवर जिम, सेक्टर 6 में हुई बैठक में बीएसपी ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर को सर्वसम्मति से छग पावरलिफ्टिंग एसो. के चेयरमैन मनोनीत किया गया । इस अवसर पर सीजीपीएलए के महासचिव कृष्णा साहू, ओए के महासचिव अंकुर मिश्रा, पूर्व महासचिव परमिंदर सिंह, व संतोष देवांगन, नश्कर टंडन, महेश पटेल, विक्रमजीत सिंह, जे भुनेश्वर राव, सुरेंद्र सूरी, आसिफ अली खान, प्रशांत मिश्रा, लोमन सिंह, जयदीप साहू, पीयूष टंडन, धारिणी जोशी, आदि उपस्थित थे। श्री बंछोर के अध्यक्ष मनोनीत होने पर संरक्षक जी सुरेश, अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा, संरक्षक इंद्रजीत सिंह छोटू, तुलसी सोनी ने शुभकामनाएं दी हैं ।

● अग्रवाल समाज दुर्ग और खुर्सीपार में चल रहा अग्रसेन जयंती महोत्सव

ट्रेजर हंट, एक डांस दो अंदाज, पिरामिड बॉल गेम, बातों का बतंगड़ गेम में खूब किया इंजॉय, अग्रसेन प्रीमियर लीग क्रिकेट में लगाए चौके छक्के

दुर्ग-भिलाई। महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल समाज के आयोजनों में इन दिनों उत्सव का रंग दिखाई दे रहा है। दुर्ग के अग्रसेन भवन में मंगलवार को रचनात्मक और मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ, वहीं खुर्सीपार में जयंती महोत्सव के तीसरे दिन खजाने की खोज से लेकर क्रिकेट, बैडमिंटन और विभिन्न मनोरंजक खेलों ने सभी आयु वर्ग के लोगों को जोड़े रखा। महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लेकर आयोजन को जीवंत बना दिया।



खुर्सीपार में खजाने की खोज में 8 टीमों ने आजमाया दिमाग

अग्रसेन भवन, खुर्सीपार में चल रहे अग्रसेन जयंती महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को खजाने की खोज प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। प्रतियोगिता में 8 टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें राहुल, नीरज, पायल और रशीष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पराग, प्रीति, पूजा और श्रुति की टीम द्वितीय रही। पुरस्कार स्व. किसनलाल देवी गोयल की स्मृति में उनके पुत्र सुनील गोयल ने प्रदान किए। रात में अग्रसेन भवन में चल रही अग्रसेन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले राउंड में टीम अकाय और टीम स्मार्ट ईरा विजेता रही। इसके अलावा बैडमिंटन, कैरम और पिकलबॉल जैसी खेल स्पर्धाएं भी हुईं। मनोरंजन के लिए पंक्चुअलिटी लकी ड्रॉ, फ्री हाउजी, 'चलो घूमने चलें' फनी गेम, चम्मच-कंचा दौड़ सहित कई खेल कराए गए। इनमें महिला, पुरुष, युवा और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन में अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, सुंदर गुप्ता, महादेव बंसल, अशोक बंसल, शंकरलाल, कमल, मनीष, सुनील गोयल, संतोष अग्रवाल भिलाई-3, निखिल अग्रवाल, विनायक, शानु, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग, सारदा अग्रवाल, उषा, अंजु सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

हुनर और अंदाज की प्रतियोगिताओं में दिखा उत्साह



अग्रवाल समाज दुर्ग द्वारा अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें ट्राइसाइकिल रेस, ट्रेजर हंट, पॉग रेस, बकेट बॉल, पाइप क्लीनर से की-रिंग बनाओ, एक डांस दो अंदाज, पिरामिड बॉल गेम, बातों का बतंगड़, क्रिएटिव ड्रॉइंग, अंकों का चक्रव्यूह और सुरोको जैसी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। प्रतियोगिताओं में समाज के अलग-अलग वर्गों के लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। अग्रवाल समाज महिला मंडल की अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, महासचिव श्वेता अग्रवाल, युवा मंडल अध्यक्ष अमूल बंसल एवं रजत अग्रवाल ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता, खेल भावना और प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। आयोजन में मनोरंजन के साथ समाजजनों के बीच आपसी मेल-जोल और सहभागिता का माहौल भी बना। कार्यक्रम में विजय अग्रवाल, संजय रूंगटा, सुधीर अग्रवाल, अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, प्रहलाद रूंगटा, संजय गर्ग, प्रेम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल राणी सती, रामनिवास मित्तल, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, सतपाल बंसल सहित युवा एवं महिला मंडल के पदाधिकारी उपस्थित थे।



भारती विश्वविद्यालय : फैकल्टी आफ फार्मेसी मे मना राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह

दुर्ग। भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के फैकल्टी ऑफ फार्मेसी विभाग द्वारा राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह की शुरूआत विश्व फार्मासिस्ट दिवस 2026 इस वर्ष की थीम एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस में फार्मासिस्ट की भूमिका पर कार्यशाला के आयोजन से हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप-कुलपति डॉ. आलोक भट्ट, डायरेक्टर डॉ. आरपी अग्रवाल, डॉ. दीपक दास, डायरेक्टर डॉ. प्रगति बघेल एवं प्रधानाचार्य डॉ. चंद्रिका अहिरवाल उपस्थित थे।

राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के अंतर्गत लीफलेट वितरण, साईटुन, पोस्टर प्रेजेंटेशन, फार्मा क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं रील मेकिंग प्रतियोगिता जैसी विभिन्न गतिविधियों भी आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वास्थ्य एवं फार्मेसी से जुड़े महत्वपूर्ण



तत्थ्यो को रचनात्मक एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया जिसमे दवाओं के सही एवं सुरक्षित उपयोग तथा स्वास्थ्य पर प्रभाव विषेश थे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण परिवेश के जनसामान्य तक स्वास्थ्य एवं दवाओं के प्रति जागरूक करने का संदेश पहुंचाया गया। इस अवसर पर पूजा कुमारी, राजेश्वरी-साईटुन, प्रेरणा चौधरी, पूर्वा साहू -पोस्टर मेकिंग, यामिनी साहू-लीफलेफ्ट, पूजा चंद्राकर,खोमेश्वरी साहू -नुक्कड नाटक, अंशिका,महीनूर -रील मेकिंग, उज्ज्वल,नोहर-फार्मा क्विज रहे। समापन समारोह मे विजेता प्रतिभागियो को कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार द्वारा पुरस्कृत किया गया।

वर्तिका की शॉर्ट फिल्म 'कनपटी भर सिंदूर' का मुंबई फिल्म फेस्टिवल में हुआ चयन



दुर्ग। बोरसी दुर्ग निवासी वर्तिका श्रीवास्तव द्वारा मार्गदर्शित शॉर्ट फिल्म 'कनपटी भर सिंदूर' का चयन राष्ट्रीय जागरण फिल्म फेस्टिवल, मुंबई के लिए हुआ है। फिल्म की स्क्रीनिंग अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में मुंबई स्थित नीता मुकेश अंबानी सांस्कृतिक केंद्र में फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों, निर्देशकों और दर्शकों की मौजूदगी में होगी। आलोक कुमार निर्देशित इस फिल्म में वर्तिका ने कार्यकारी निर्माता की भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी समाज में प्रचलित जबरन विवाह जैसी कुरीति पर केंद्रित है, जिसमें उच्च शिक्षित युवाओं का अपहरण कर उनकी इच्छा के विरुद्ध विवाह करा दिया जाता है। फिल्म के माध्यम से इसके सामाजिक और व्यक्तिगत दुष्परिणामों को सामने लाने का प्रयास किया गया है। फिल्म का चयन इससे पहले अहमदाबाद के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में भी हो चुका है। डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई से शिक्षा प्राप्त वर्तिका ने पुणे के एमआईटी से जनसंचार में प्रथम श्रेणी से स्नातक किया। अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद उनका चयन सत्यजीत रे फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान, कोलकाता में हुआ, जहां से उन्होंने स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की। इससे पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ में जादू-टोना संबंधी अंधविश्वास पर भी जागरूकता आधारित शॉर्ट फिल्म बनाई थी।

रूंगटा यूनिवर्सिटी में नेशनल फॉरेंसिक साइंस वीक....

कार्नर न्यूज

फिंगरप्रिंट से डीएनए तक, सुरागों के जरिए अपराध की जांच समझ रहे विद्यार्थी

भिलाई। अपराध स्थल पर बिखरी छोटी-छोटी चीजें कई बार पूरी घटना की कहानी बता देती हैं। इसी सोच के साथ रूंगटा यूनिवर्सिटी के फॉरेंसिक साइंस विभाग के विद्यार्थियों ने तैयार किए गए एक अपराध स्थल की जांच की। उन्होंने मौके पर मौजूद सुरागों को पहचाना, उनका विवरण दर्ज किया और घटनास्थल का नक्शा भी तैयार किया। यह गतिविधि राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंस सप्ताह के दौरान स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज के द्वारा कराई गई। कार्यक्रम में रूंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अपराध की जांच में वैज्ञानिक साक्ष्यों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को फॉरेंसिक साइंस को केवल विषय के रूप में नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सोच, तार्किक विश्लेषण और साक्ष्यों के आधार पर निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया के रूप में समझना चाहिए।



सिम्युलेटेड अपराध स्थल समझा

क्राइम सीन कार्टोग्राफर गतिविधि में विद्यार्थियों ने सिम्युलेटेड अपराध स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। साक्ष्यों की पहचान और दस्तावेजीकरण के बाद उसका स्केच तैयार किया और उपलब्ध सुरागों का विश्लेषण किया। इस दौरान कुलपति डॉ. जवाहर सूरीशेट्टी ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए फॉरेंसिक जांच में साक्ष्यों की भूमिका समझाई। उन्होंने नई तकनीकों की जानकारी हासिल कर व्यावहारिक कौशल बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

छात्रों में लिया डिटेक्टिव्स मेमोरी चैलेंज

जांच का एक हिस्सा विद्यार्थियों की याददाश्त भी बनी। डिटेक्टिव्स मेमोरी चैलेंज में फिंगरप्रिंट, फुटप्रिंट, साक्ष्य और अपराध स्थल से जुड़ी वस्तुओं के चित्र दिखाए गए। विद्यार्थियों को उनके विवरण और स्थान याद कर सही जोड़ी बनानी थी। वहीं रंगोली ऑफ मिस्ट्रीज में फिंगरप्रिंट, डीएनए, वैज्ञानिक उपकरण और क्राइम सीन जैसे विषयों को रंगोली के जरिए दिखाया गया। फूड फेस्ट में स्टॉल के नाम, सजावट, प्रस्तुति और खाद्य सामग्री के माध्यम से फॉरेंसिक साइंस की अवधारणाओं को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया गया।

एक्टिविटी में भाग लिया

विद्यार्थियों ने नृत्य और विषय आधारित स्किट के जरिए वैज्ञानिक जांच, अपराध के प्रति जागरूकता और फॉरेंसिक साइंस की भूमिका भी दिखाई। स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज की निदेशक डॉ. नीमा एस. बालन ने कहा कि अपराधों का स्वरूप बदल रहा है और ऐसे में वैज्ञानिक व तकनीकी साक्ष्य जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। कुलसचिव डॉ. एजाजुद्दीन ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को फॉरेंसिक की शाखाओं के साथ रोजगार और शोध के अवसरों से परिचित हो रहे हैं। आयोजन विभागाध्यक्ष निशा पटेल के मार्गदर्शन में हुआ। सहायक प्राध्यापक हिमानी, प्रिया मंडल और दिव्या भगत ने सहयोग किया।

सिटी इवेंट

34 वर्षों तक हिंदी राजभाषा के प्रचार प्रसार में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका



भिलाई। फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) के राजभाषा अधिकारी छगन लाल नागवंशी 34 वर्षों से अधिक की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए। एफएसएनएल के सहकर्मियों और केंद्रीय गोंडवाना संघ से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें विदाई देकर उनके दीर्घकालिक योगदान को याद किया।

पुरानिक उइके ने बताया कि नागवंशी ने वर्ष 1992 से 2026 तक राजभाषा अधिकारी के रूप में संस्थान में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के साथ ही नगर, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर राजभाषा कार्यान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। नागवंशी ने भारत सरकार के राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यालयीन कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए। स्वयं नागवंशी को भी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के पुरस्कारों के अलावा राजभाषा उन्नायक, श्रेष्ठ राजभाषा अधिकारी सहित विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया गया।

विश्व हिंदी सम्मेलन में भी किया प्रतिनिधित्व

राजभाषा अधिकारी के रूप में नागवंशी ने मॉरीशस और फिजी में आयोजित विश्व हिंदी सम्मेलन में इस्पात मंत्रालय की ओर से भाग लिया। हिंदी सलाहकार समिति की बैठकों में देश के विभिन्न राज्यों में शामिल होने के साथ भारत सरकार के राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित हिंदी दिवस और हिंदी सम्मेलनों में भी सहभागिता की।

सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहेगा हिंदी से जुड़ाव

वर्तमान में नागवंशी केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद, नई दिल्ली की दुर्ग-भिलाई शाखा के मंत्री के रूप में हिंदी से जुड़े कार्यों में सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में हिंदी टाइपिंग, विभिन्न गति की हिंदी आशुलिपि, तकनीकी आलेख और निबंध प्रतियोगिताएं प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं। हिंदी प्रेमियों ने उनके योगदान को देखते हुए उन्हें हिंदी का सजग प्रहरी और राष्ट्रभाषा सेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व बताया। उनकी सेवानिवृत्ति पर पुरानिक उइके, मुकेश कुमार ठाकुर, किशुन ठाकुर, दुर्गा प्रसाद मंडावी, दिन दयाल नेताम, जगत राम रावटे, दयालु राम ठाकुर, रामेश्वर देवांगन, राजेश देवांगन, कमलेश वर्मा, धनेश्वरी ममता साहू, सौरव राधेश्याम थारेवाल, बसंत कुमार बरहरे, मनीष कुमार ठाकुर, देवेंद्र सिंह बरगली, होलधर साहू, जितेंद्र दास मानिकपुरी, वंदना चौधरी, भूपेश देशमुख, ओम प्रकाश सिंह सहित अनेक लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखद और सक्रिय जीवन की कामना की।

धर्म इवेंट

हज को आसान तरीके से और सीखकर अदा करने पर दिया जोर



दुर्ग। वर्ष 2026-27 में हज यात्रा पर जाने वाले हुज्जाजे इकराम के लिए मस्जिद खैरूल अमान, सुभाष नगर, दुर्ग में एक विशेष प्रशिक्षण सत्र 'हज आसान और सीखकर करें' का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर में भिलाई और दुर्ग से हज यात्रा पर जाने वाले सभी हज यात्रियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था, जहां उन्हें हज से जुड़ी तमाम व्यावहारिक और धार्मिक बारीकियों से अवगत कराया गया। उल्लेखनीय है कि आगामी हज यात्रा अप्रैल 2027 में प्रस्तावित है, जिसके लिए आवेदन व अन्य प्रक्रिया शुरु हो चुकी है।

■ दुर्ग में हज यात्रियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित

आयोजन में हाजी सैय्यद जमीर ने हज की अहमियत और उसकी फजीलत पर पूरी जानकारी दी। उन्होंने हाजियों को बताया कि यह सफर रूहानी तौर पर बेहद अहम है। इसके साथ ही उन्होंने हज यात्रा के दौरान जरूरी दस्तावेजों और करेंसी (मुद्रा) बदलाव आदि से जुड़ी सभी जरूरी जानकारी दी। हाजी मीर हमीद ने हज यात्रा के दौरान उमरा करने के पूरे और मुकम्मल तौर तरीकों की जानकारी साझा की। हाजी नैय्यर इकबाल ने हज की बारीकियों और उसकी अदायगी के तरीकों पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि हज में क्या-क्या फ़र्ज़ हैं, क्या वाजिबात हैं और किस तरह से आसानी के साथ इसकी अदायगी करेंगे। हाजी नईम पाशा ने एहराम बांधने का सही तरीका सिखाया। मदीना शरीफ की जियारत के बारे में जानकारी मौलाना हाशिम (दुर्ग) ने दी गई। मौलाना हाशिम ने बताया कि मदीना में प्यारे नबी का रोजा-ए-मुबारक है, इसलिए वहां बहुत अदब और एहतराम के साथ चलना चाहिए।

उन्होंने हिदायत दी कि रोजे पर निगाहें नीची रखकर सलाम पेश करना चाहिए और दिल में आशिकाना अंदाज व तड़प का इजहार होना चाहिए। दरूद शरीफ का नजराना पेश करते हुए दिल में यह ख्याल रखना चाहिए कि इस शहर की गलियों में मेरे नबी का चलना हुआ है। हर वक्त दरूद पाक का विर्द, तिलावते कुरआन पाक और नमाज में मशगूल रहकर अन्य जियारत की जगहों पर जाना चाहिए। जिन मुकाम पर नमाज पढ़ने की खास अहमियत है, वहाँ जाकर नमाज जरूर अदा करनी चाहिए। आखिर में पिछले साल हज यात्रा करके लौटे हाजी मोहम्मद नासिर कुरैशी ने अपने सफर का ब्यौरा साझा किया। उन्होंने सभी हज यात्रियों से कहा कि जो लोग हज पर जा रहे हैं, उन्हें पैदल चलने की आदत डालनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि सभी यात्री अपने ठहरने वाली बिल्डिंग का नंबर और वहाँ भारत सरकार द्वारा नियुक्त हज सहायक के नंबर जरूर अपने पास रखें। इस पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हज के विभिन्न पहलुओं को समझते हुए 'आसान हज सीखकर करने' पर जोर देना था। कार्यक्रम के अंत में वतन की खुशहाली, उन्नति और प्रगति के लिए विशेष दुआ मांगी गई। इस मौके पर सैय्यद असलम, कलीम कुरैशी, रफीक कुरैशी, मोहम्मद सलीम, नईम पाशा, मुफ्ती सोहेल, मुफ्ती सलीम, कारी शोएब, युनूस कुरैशी, अजीज कुरैशी, साजिद , मुशीर खान और अब्दुल रसीद सहित तमाम लोग शामिल रहे।

● अभिमान त्यागकर भगवान की शरण में बढ़ाएं एक कदम, प्रभु सौ कदम बढ़कर अपनाएंगे-जगद्गुरु स्वामी

छह वर्ष के ध्रुव ने तप से पाया भगवान का सान्निध्य, प्रह्लाद की भक्ति ने जीता प्रभु का हृदय, कृष्ण जन्म पर भक्ति में झूम उठा कथा पंडाल

भिलाई। शास्त्र हमें सिखाते हैं कि भगवान और गुरु की शरण में जाते समय अभिमान, काम, क्रोध और लोभ का त्याग कर जाना चाहिए। भगवान तो इस प्रतीक्षा में बैठे हैं कि मेरा भक्त मेरी ओर एक कदम बढ़ाए, मैं उसकी ओर सौ कदम बढ़ाऊंगा। सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं है। श्रद्धा और समर्पण के साथ भगवान की शरण में जाने वाले भक्त पर प्रभु की कृपा अवश्य होती है। भक्ति के संदर्भ में यह बातें जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य ने कथा के दौरान कही। श्री हनुमान मंदिर सनातन धर्म ट्रस्ट, सेक्टर-2, भिलाई में श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, भिलाई के कुलाधिपति आई.पी. मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस श्री मानसपीठ खजुरीताल, मैहर से पधारे जगद्गुरु स्वामी रामललाचार्य महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र एवं भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया।

चौथे दिन की कथा में महाराज ने कहा कि भगवान और गुरु की शरण में जाते समय अभिमान, काम, क्रोध और लोभ का त्याग कर जाना चाहिए। सच्ची भक्ति में अहंकार का कोई स्थान नहीं है। ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने कहा कि इस संसार में जीवन की सबसे बड़ी गुरु मां होती है। मां ही अपने पुत्र के जीवन की दिशा निर्धारित करती है। ध्रुव की माता ने उन्हें प्रेरणा देते हुए कहा कि यदि पिता की गोद में बैठना है तो जगत पिता भगवान की गोद में बैठो। माता के इन शब्दों को ध्रुव ने अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया और मात्र छह वर्ष की आयु में कठोर तपस्या कर भगवान को प्राप्त कर लिया।











भगवान की प्राप्ति के लिए श्रद्धा और समर्पण जरूरी

ध्रुव चरित्र के बाद प्रह्लाद चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए महाराज ने कहा कि ध्रुव और प्रह्लाद दोनों बाल भक्तों ने अपनी अटूट भक्ति से संसार को यह संदेश दिया कि भगवान की प्राप्ति के लिए उम्र नहीं, श्रद्धा और समर्पण आवश्यक है। ध्रुव ने तप और संकल्प से प्रभु को प्राप्त किया, वहीं प्रह्लाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान श्रीहरि के प्रति अपना विश्वास नहीं छोड़ा। हिरण्यकशिपु ने प्रह्लाद को भक्ति से विमुख करने के लिए अनेक यातनाएं दीं, लेकिन उनकी आस्था अडिग रही। अंततः भक्त की रक्षा के लिए भगवान नरसिंह के रूप में प्रकट हुए। महाराज श्री ने कहा कि ध्रुव का चरित्र संकल्प और तप की प्रेरणा देता है, तो प्रह्लाद का चरित्र विपरीत परिस्थितियों में भी अटूट विश्वास बनाए रखने की सीख देता है।

कृष्ण प्राकट्य का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर

इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आया तो कथा पंडाल जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। महाराज श्री ने कहा कि जब-जब संसार में अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब भगवान भक्तों की रक्षा एवं धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं। कंस के अत्याचारों से पीड़ित संसार को भगवान श्रीकृष्ण के अवतार से नई आशा मिली। भगवान के प्राकट्य का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा कथा परिसर भक्ति, उल्लास एवं आनंद से सराबोर हो गया। कथा के पश्चात आयोजक मंडल द्वारा समस्त श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया।

झूलेलाल धाम माता मंदिर में वरिष्ठजनों का सम्मान

वृद्धजनों ने अनुभव किए साझा

भिलाई। भारतीय संस्कृति में वृद्धजनों को अनुभव और संस्कार की धरोहर माना गया है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए राम सिंधी पंचायत, वैशाली नगर, भिलाई की ओर से झूलेलाल धाम माता मंदिर परिसर में वृद्धजन सम्मान एवं आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का सम्मान कर युवा सदस्यों ने उनका आशीर्वाद लिया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान झूलेलाल और माता रानी की पूजा-अर्चना तथा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद पंचायत के युवा सदस्यों ने वरिष्ठजनों को पुष्पमाला, शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण भी हुआ। बड़ी संख्या में समाज की माताएं, बहनें और युवा कार्यक्रम में शामिल हुए।

पंचायत पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवा पीढ़ी को समाज की जड़ों, परंपराओं और संस्कारों से जोड़ना तथा वरिष्ठजनों के अनुभवों का लाभ नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज में बड़ों के सम्मान और सेवा की परंपरा हमेशा से महत्वपूर्ण रही है। पंचायत के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि समाज के बुजुर्ग जीवंत ग्रंथ की तरह हैं। विभाजन की पीड़ा से लेकर भिलाई में समाज को स्थापित करने तक उनके संघर्ष और योगदान ने वर्तमान पीढ़ी के लिए मजबूत आधार तैयार किया है। उनका आशीर्वाद समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। ऐसे आयोजन आगे भी निरंतर किए जाएंगे।

सम्मानित वरिष्ठजनों ने अपने आशीर्वचन में समाज में एकता बनाए रखने, बच्चों को सिंधी भाषा और संस्कृति से जोड़ने तथा सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। उन्होंने युवा पीढ़ी से समाज की परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



इन्हें किया गया सम्मानित

समारोह में मोतीराम खूबचंदानी, सेवनदास रमानी, ओम प्रकाश रमानी, अशोक गंगवानी, जय गेहानी, गोपी पार्पियानी, गोपी राजपलानी, चंदू आहूजा, धर्मदास बत्रा, रमेश बत्रा, दिलीप कुकरेजा, सत्यवान मोहनानी, होलाराम गणेशानी और पुनीत गेहानी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पंचायत के युवा कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

नुआखाई आभार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को किया जाएगा आमंत्रित



भिलाई। दुर्ग-भिलाई उत्कल परिवार महासंघ छत्तीसगढ़ की तीसरी बैठक सेक्टर 9 काफी हाऊस में संपन्न हुई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सम्मान पर तैयारियों को लेकर निर्णय लिए गए। ध्रुव कुमार सोनी को कार्यकारिणी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। नुआखाई आभार कार्यक्रम की तैयारियों एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर तीसरी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिस में उत्कल परिवार की एकता, संगठन की मजबूती तथा नुआखाई आभार कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान दुर्ग भिलाई उत्कल परिवार कोर कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से ध्रुवकुमार सोनी को कार्यकारिणी अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

कोर कमेटी के सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। सोनी ने कहा कि यह जिम्मेदारी समाज की सेवा और स्वयं के परिवार को मजबूत करने का अवसर है। सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से दुर्ग भिलाई उत्कल परिवार महासंघ एकता एवं भाईचारे को मजबूत किया जाएगा। बैठक में कोर कमेटी के सदस्य लकी सोना, अर्जुन कुम्भार, टेकचंद सेठिया, धर्मेंद्र सिक्का, किशोर तांडी, विजय, आरएन सेनापति, रवि परमार, खोगे जाल, संतोष मलिक, दिनेश सोना, बिशान नायक, पिंटू जाल, सनी तांडी, जय, अनिल सोनी, अभिषेक टंडन ,पार्वती पंडित, गीता बाघ, शिबाबती नायक, राधा तांडी, अनु छत्रिय एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वैशालीनगर कालीबाड़ी में 50वें दुर्गोत्सव की भव्य तैयारी

कोलकाता के कलाकार बना रहे थीम बेस पंडाल, षष्ठी से दशमी तक पूजा-अनुष्ठान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिदिन भंडारे का आयोजन

कार्नर न्यूज

भिलाई। वैशालीनगर कालीबाड़ी में इस वर्ष शारदीय दुर्गोत्सव को लेकर खासा उत्साह है। कालीबाड़ी समिति द्वारा इस बार दुर्गोत्सव का 50वां वर्ष मनाया जा रहा है। स्वर्ण जयंती वर्ष को यादगार बनाने के लिए समिति ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। आकर्षक पंडाल और सजावट के लिए कोलकाता के कलाकारों को बुलाया गया है। इस बार थीम बेस पंडाल तैयार किया जा रहा है, जो श्रद्धालुओं और शहरवासियों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेगा। समिति का कहना है कि 50वें वर्ष के दुर्गोत्सव को धार्मिक आस्था, बंगाली संस्कृति और सामाजिक सहभागिता के साथ यादगार बनाने की तैयारी है। थीम बेस पंडाल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भंडारा और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के चलते इस बार वैशालीनगर कालीबाड़ी का दुर्गोत्सव विशेष आकर्षण का केंद्र रहने की उम्मीद है। दुर्गोत्सव के दौरान धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था की जाएगी। पूजा को लेकर समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय लोग तैयारियों में जुटे हुए हैं। शारदीय दुर्गा पूजा वर्ष 2026 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।





सप्तमी से अष्टमी तक विशेष पूजा

17 अक्टूबर को महा सप्तमी पूजा होगी। सुबह 9:30 बजे महा सप्तमी पूजा और दोपहर 12:30 बजे पुष्पांजलि होगी। 18 अक्टूबर को महा सप्तमी अधिक पूजा एवं महा अष्टमी पूजा का आयोजन किया जाएगा। सुबह 5:40 बजे महा सप्तमी अधिक पूजा, सुबह 9 बजे महा अष्टमी पूजा और सुबह 11:30 बजे पुष्पांजलि होगी। 19 अक्टूबर को महा अष्टमी के विशेष अनुष्ठान होंगे। सुबह 5:30 बजे महा अष्टमी पूजा शुरू होगी।

नवमी पर हवन, दशमी पर सिंदूर उत्सव और विसर्जन

20 अक्टूबर को महा नवमी पूजा होगी। सुबह 6:30 बजे महा नवमी पूजा, सुबह 9 बजे पुष्पांजलि और सुबह 10 बजे हवन किया जाएगा। वहीं 21 अक्टूबर को महा दशमी के साथ दुर्गोत्सव का समापन होगा। सुबह 7 बजे महा दशमी पूजा, सुबह 8 बजे पुष्पांजलि, सुबह 11:30 बजे सिंदूर उत्सव और शाम 5:30 बजे प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा।

लक्ष्मी पूजा और काली पूजा भी होगी

दुर्गोत्सव के बाद 25 अक्टूबर को श्री श्री कोजागरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन रात 9 बजे किया जाएगा। वहीं 8 नवंबर को श्री श्री काली पूजा होगी। शाम 7:30 बजे पूजा, सुबह 11:30 बजे पुष्पांजलि और दोपहर 1 बजे महाभोग का आयोजन किया जाएगा। महा सप्तमी, महा अष्टमी और महा नवमी के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए महाभोग की व्यवस्था रहेगी। पूरे आयोजन के दौरान पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा।

आयोजन को भव्य बनाने में जुटे पदाधिकारी और कार्यकर्ता : 50वें दुर्गोत्सव को सफल बनाने के लिए कालीबाड़ी समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता लगातार तैयारियों में जुटे हुए हैं। सुप्रियो घोष, श्यामल मुखर्जी, बिमान दास गोरा, अभिजीत साहा, देबब्रत आईच, महेंद्र जायसवाल, शांतुनु घोष, भरत मजुमदार, सोभेन रॉय, संजीत चक्रवर्ती, डीके दत्ता, शिबु कर्मकार, अरुण रॉय और अर्पण चक्रवर्ती सहित समाज के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

सिटी स्पोर्ट्स

राष्ट्रीय पिक्लबॉल चैंपियनशिप में रिधान और विशाल को स्वर्ण



रायपुर। कोच्ची में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय पिक्लबॉल चैंपियनशिप 2026 में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-12 बॉयज सिंगल्स के फाइनल में रिधान गोयनका ने तमिलनाडु के गणित योगमनी को 15-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। अंडर-12 बॉयज डबल्स में रिधान गोयनका और अथर्व पांडे की जोड़ी ने मप्र की उत्कर्ष-हर्ष की जोड़ी को 15-5 से शिकस्त देकर कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-19 बॉयज सिंगल्स के खिताबी मुकाबले में विशाल निषाद ने केरलम के गिलाश को 15-3 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि ओपन महिला डबल्स में उर्वशी और दिनेश्वरी की जोड़ी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-16 वर्ग में अयान (सिंगल्स) तथा अयान व देवाशीष (डबल्स) ने कड़े संघर्ष के बाद कांस्य पदक मुकाबलों तक जगह बनाई। राज्य महासचिव रूपेंद्र सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष सुमित कटारिया, कांक्रीट टीएमटी के अमित जिंदल और कारपोरेट कनेक्ट के संदीप शर्मा ने सभी विजेता व प्रतिभागी खिलाड़ियों को बधाई दी।

सीके नायडू ट्रॉफी के लिए अंडर-23 छत्तीसगढ़ टीम घोषित, वरुण कप्तान



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) ने बीसीसीआई की सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 (सत्र 2026-27) के शुरुआती 3 मैचों के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। रायपुर में चयन समिति की बैठक के बाद टीम की कमान रायपुर के वरुण सिंह भुई को सौंपी गई है, जबकि राजनांदगांव के बी. बालाजी राव विकेटकीपर होंगे। घोषित टीम में विभिन्न जिलों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जिनमें रायपुर से कप्तान वरुण सिंह भुई के अलावा अनुराग साहू, आशीष कुमार डहरिया, दर्शील भट्ट, शाश्वत शारदा और शोभित शर्मा; भिलाई से अमरीश कुमार सिंह, दिवाकर ताम्रकार और साहिल रजत शरीफ; बिलासपुर से अंकित कुमार और जितेश धर्मेंद्र कुमार; बी.एस.पी. से मनराज सिंह ढिल्लों और प्रथम जाचक; राजनांदगांव से बी. बालाजी राव; धमतरी से नवदीप समाले तथा नारायणपुर से यश कुमार वरदा को जगह मिली है। टीम के मैचों का शेड्यूल भी जारी कर दिया गया है, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ की टीम अपने अभियान की शुरुआत 12 से 15 अक्टूबर 2026 तक जम्मू में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेले जाने वाले प्रथम राउंड के मुकाबले से करेगी। इसके पश्चात टीम का दूसरा मुकाबला 19 से 22 अक्टूबर 2026 तक भिलाई में गुजरात के खिलाफ और तीसरा मुकाबला 03 से 06 नवंबर 2026 तक भिलाई में ही मध्य प्रदेश के खिलाफ आयोजित होगा। आगे के चरणों में टीम 18 से 21 जनवरी 2027 तक रायपुर में चंडीगढ़ के खिलाफ, 25 से 28 जनवरी 2027 तक न्यू चंडीगढ़ में पंजाब के खिलाफ तथा 02 से 05 फरवरी 2027 तक दिल्ली में दिल्ली के खिलाफ मैदान पर उतरेगी।

ताइक्वांडो में खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण व कांस्य पदक



भिलाई। इंदौर में 2 से 4 अक्टूबर तक आयोजित 43वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में इंडियन ताइक्वांडो क्लब भिलाई चरोदा के खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया। दुर्ग जिले से गए 6 प्रतिभागियों में कुशिमता साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक तथा साँची चौहान ने कांस्य पदक जीता। वहीं जतिन नायक, टी. प्रणय कुमार, पुष्पेंद्र कुमार देवांगन और एक्टिव ताइक्वांडो क्लब के शौर्य वर्मा ने सराहनीय खेल दिखाया। टीम को सहायक कोच अनिल नायक के संरक्षण में भेजा गया था। क्लब के सचिव व मुख्य कोच अनिल कुमार देवांगन, राज्य ताइक्वांडो संघ के कोषाध्यक्ष, टेक्निकल डायरेक्टर व जिला सचिव राकेश पुरी गोस्वामी, बिलासपुर से मुख्य कोच राज कुमार शर्मा तथा महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने मार्गदर्शन व बधाई दी। इसके अलावा सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, कार्यकारी अध्यक्ष मोहनपुरी गोस्वामी, पार्षद दीप्ति आशीष वर्मा, डामेंद्र परगनिहा, ओम चंद्राकर, उजागर सिंह, अरुण सिंह, भागीरथी निर्मलकर, अशोक यादव, पूनम चौहान, पूर्णिमा साहू, छत्रपाल साहू एवं सीनियर खिलाड़ियों (हर्ष कुमार शिववंशी, सुजल दास, श्रेया दास, सोनिया सोनी, काव्या यादव, बी अक्षया, शिवानी, हर्षिता कुमारी, शौर्य सींग चौहान, यथार्थ वर्मा, रोशन ताम्रकार, रविंद्र यादव, अविनाश प्रताप सिंह, उत्तम कुमार बौद्ध, चंद्र कुमार साहू, भुवनेश्वरी ठाकुर, मृत्युंजय प्रधान, यीशु यादव, राजेश वर्मा, धंसी चंद्राकर, तरुण) ने विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

डिजिटल युग और युवाओं की बदलती दिनचर्या के चलते तेजी से बढ़ रही 'ड्राई आइज' की समस्या

स्मार्टफोन, लैपटॉप के ज्यादा इस्तेमाल और अनियंत्रित लाइफस्टाइल से बढ़ रहा आंखों के सूखेपन का खतरा

हाल के वर्षों में डिजिटल तकनीकों पर बढ़ती निर्भरता, स्मार्टफोन और कंप्यूटर स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण युवाओं में आंखों से जुड़ी कई गंभीर और जटिल समस्याओं का निदान किया जा रहा है। इन्हीं में से एक बेहद तेजी से पनपने वाली स्थिति है—'आंखों का सूखापन' यानी 'ड्राई आई सिंड्रोम'। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, करीब एक-दो दशक पहले तक ड्राई आइज की समस्या को बढ़ती उम्र (बुढ़ापे) के साथ होने वाली परेशानी माना जाता था। हालांकि, डिजिटल स्क्रीन के लंबे इस्तेमाल, गलत खान-पान और अनियंत्रित जीवनशैली के चलते अब बहुत ही कम उम्र के युवा और छोटे बच्चे भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।



आखिर क्या है 'ड्राई आई सिंड्रोम'?

आंखों का सूखापन (ड्राई आइज) एक ऐसी चिकित्सकीय स्थिति है, जिसमें हमारी आंखों के अश्रु ग्रंथियां आंखों को पर्याप्त मात्रा में नमी (मॉइस्चर) प्रदान करने में असमर्थ हो जाती हैं। यह समस्या दो मुख्य कारणों से होती है: आंखों में पर्याप्त मात्रा में आंसू न बनना। बनने वाले आंसुओं की गुणवत्ता खराब होना (जिससे वे जल्दी वाष्पित यानी उड़ जाते हैं)।

आंसू केवल रोने के लिए नहीं होते, बल्कि यह हमारी आंखों की ऊपरी परत को चिकना रखने, धूल-मिट्टी को साफ करने और किसी भी प्रकार के बैक्टीरियल या वायरल संक्रमण से बचाने का काम करते हैं। जब आंखों में पर्याप्त आंसू नहीं बनते, तो आंखों की सतह सुरक्षा कवच खो देती है, जिससे संक्रमण का खतरा कई गुना बढ़ जाता है।

ड्राई आइज के प्रमुख लक्षण

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. डी. एम. भावनानी बताते हैं कि जिस तरह से हमारी आधुनिक लाइफस्टाइल के कारण आंखों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सभी उम्र के लोगों को साल में कम से कम एक बार अपनी आंखों की व्यापक जांच जरूर करानी चाहिए। ड्राई आइज होने पर शरीर कई शुरुआती संकेत देता है, जिन्हें पहचानकर सही समय पर इलाज शुरू करना बहुत जरूरी है: आंखों में जलन और चुभन: ऐसा महसूस होना मानो आंख में रेत या कंकड़ चला गया हो। प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता: तेज धूप या स्क्रीन की रोशनी में देखने में असुविधा होना।



आंखों का लगातार लाल रहना: नमी की कमी के कारण आंखों में सूजन और लालिमा आना। कॉन्टैक्ट लेंस पहनने में परेशानी: लेंस लगाने पर आंखों में बहुत अधिक सूखापन और दर्द महसूस होना। रात में ड्राइविंग में असुविधा: नाइट ड्राइविंग के समय सामने से आने वाली गाड़ियों की हेडलाइट से आंखें चौंधियाना।आंखों से बार-बार पानी आना: यह थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन जब आंखों में बहुत अधिक जलन और सूखापन होता है, तो मस्तिष्क शरीर को आपातकालीन आंसू पैदा करने का संकेत देता है, जिससे अचानक पानी बहने लगता है। धुंधला दिखाई देना: विशेषकर लंबे समय तक पढ़ने या स्क्रीन देखने के बाद दृष्टि का धुंधला हो जाना।

आंखों में सूखापन क्यों होता है?



डॉ. डी. एम. भावनानी के अनुसार, हमारे आंसू केवल पानी नहीं होते, बल्कि आंसू की फिल्म में मुख्य रूप से तीन परतें होती हैं: फैटी ऑयल लेयर (तेल की परत): जो आंसुओं को जल्दी सूखने से रोकती है। जलीय द्रव लेयर (पानी की परत): जो आंखों को साफ और नम रखती है। म्यूकस लेयर (श्लेष्मा की परत): जो आंसुओं को आंख की सतह पर समान रूप से फैलने में मदद करती है। यदि इन तीनों में से किसी भी एक परत का संतुलन बिगड़ता है, तो ड्राई आइज की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

ड्राई आइज के अन्य मुख्य कारण:

लगातार डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल: कंप्यूटर, लैपटॉप या फोन देखते समय हम सामान्य से 50% कम बार पलकें झपकाते हैं, जिससे आंसू जल्दी सूख जाते हैं।



दोनों वर्गों में तमिलनाडु,आंध्र व पुडुचेरी फाइनल में पहुंचे

भिलाई। बीएसपी बॉल बैडमिंटन क्लब एवं छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तथा बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा प्रमोटेड 45वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026-27 का भव्य आयोजन बीएसपी बॉल बैडमिंटन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, भिलाई में जारी है।

- बीएसपी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर-4 में जारी है 45वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप

3 से 7 अक्टूबर 2026 तक आयोजित इस पांच दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में कई बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले गए। बालक वर्ग के मुकाबलों में छत्तीसगढ़ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तेलंगाना को 35-23, 35-26 से पराजित किया, वहीं बिहार ने केरल को 35-26, 35-30 से मात दी।



अन्य मैचों में तमिलनाडु ने मेजबान छत्तीसगढ़ को 35-16, 35-21 से, आंध्र प्रदेश ने बिहार को 35-27, 35-23 से, पुडुचेरी ने केरल को 35-25, 35-32 से तथा कर्नाटक ने तेलंगाना को 35-23, 35-19 से हराया। इसके बाद खेले गए बालक वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए कर्नाटक को 35-10, 35-28 से शिकस्त दी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश ने कड़े मुकाबले में पुडुचेरी को 35-24, 26-25 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया।

उधर बालिका वर्ग के लीग एवं प्लेसिंग मैचों में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालिका वर्ग में तमिलनाडु ने छत्तीसगढ़ को 35-09, 35-12 से, तेलंगाना ने पुडुचेरी को 35-24, 35-29 से, महाराष्ट्र ने कर्नाटक को 35-15, 35-26 से और आंध्र प्रदेश ने केरल को 35-30, 35-28 से पराजित किया। प्लेसिंग मुकाबलों के तहत छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के बीच हुआ मैच 35-20, 35-20 से तथा तेलंगाना और कर्नाटक के बीच का मैच 35-25, 36-34 से रोमांचक मोड़ पर समाप्त हुआ। इसके पश्चात बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में तमिलनाडु ने केरल को 35-30, 35-11 से करारी मात दी, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में पुडुचेरी ने शानदार वापसी करते हुए महाराष्ट्र को हराकर खिताबी मुकाबले में अपनी जगह पक्की की।

इस प्रकार बालक वर्ग में तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश तथा बालिका वर्ग में तमिलनाडु एवं पुडुचेरी की टीमों ने फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। फाइनल में पहुँचने वाली सभी टीमों को बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ इंडिया के समस्त पदाधिकारियों ने ढेरों बधाइयाँ और शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। प्रतियोगिता के बहुप्रतीक्षित एवं रोमांचक फाइनल मुकाबले 07 अक्टूबर को सुबह 8:00 बजे से सेक्टर-4 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मैदान पर खेले जाएंगे।



दुर्ग क्रिकेट अकादमी में आधुनिक बॉलिंग मशीन की सुविधा, बल्लेबाजों की निखरेगी प्रतिभा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की दुर्ग जिला इकाई के जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा खिलाड़ियों को आधुनिक एवं उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम स्थित क्रिकेट अकादमी में आधुनिक ऑटोमैटिक बॉलिंग मशीन सहित अत्याधुनिक ट्रेनिंग उपकरणों को शामिल किया गया है।

इससे दुर्ग सहित छत्तीसगढ़ के सीनियर एवं जूनियर खिलाड़ियों को अपनी तकनीक और खेल कौशल निखारने का अवसर मिलेगा। अकादमी में ऑटोमैटिक बॉलिंग मशीन, ऑटोमैटिक फीडर, ब्लूटूथ तकनीक के माध्यम से स्पीड एवं स्विंग कंट्रोल तथा विभिन्न फिटनेस उपकरणों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन आधुनिक संसाधनों का उपयोग सीनियर, अंडर-19, अंडर-16, अंडर-14 एवं कैंप में शामिल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों को बैटिंग तकनीक, रिएक्शन टाइम, शॉट सिलेक्शन और समग्र खेल कौशल में सुधार करने में मदद मिलेगी।

आधुनिक बॉलिंग मशीन सुविधा का उद्घाटन एक समारोह में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने मशीन में गेंद डालकर किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि अकादमी का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को राज्य के भीतर ही उच्चस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। आधुनिक संसाधनों के माध्यम से खिलाड़ियों को प्रोफेशनल स्तर की तैयारी का अवसर मिलेगा और उन्हें बेहतर प्रशिक्षण के लिए दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उपाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि दुर्ग क्रिकेट अकादमी कई वर्षों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण देने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए तैयार करने का कार्य कर रही है। आधुनिक ट्रेनिंग उपकरणों की उपलब्धता इसी प्रयास को और मजबूती प्रदान करेगी। सचिव प्रमोद पारख ने कहा कि नई सुविधाओं का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी नियमित प्रैक्टिस में किसी प्रकार की बाधा न आए और वे उच्चस्तरीय क्रिकेट के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। सह सचिव आशीष सूर्यवंशी ने कहा कि अकादमी में अनुशासन, लगन और निष्ठा के साथ प्रशिक्षण पर जोर दिया जाता है।



खिलाड़ियों के निरंतर अभ्यास, फिटनेस और तकनीकी विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। कोषाध्यक्ष सुरेश साहू ने इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए सीएससीएस रायपुर, जनप्रतिनिधियों, अतिथियों, अभिभावकों, कोचों, खिलाड़ियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से अकादमी में खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम संभव हो सका है।

जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के 50 खिलाड़ी



रायपुर। एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में 41 वी जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 27 अक्टूबर तक तमिलनाडू (चेन्नई) के जे एन एथलेटिक्स स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से 50 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की टीम 20 अक्टूबर को चेन्नई के लिए रवाना होगी । छत्तीसगढ़ ऐथलेटिक्स संघ के अनुसार हाल ही में आयोजित वेस्ट जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रदर्शन और पदक के आधार पर खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में प्राथमिकता दी गई है। चयनित खिलाड़ियों में चयनित खिलाड़ियों में अंडर 20 पुरुष वर्ग में तिलक बार्सेल, टी होमेश्वरी राव , देवानन्द साहू , बी नागेश , अभिषेक कुमार जाड़े , आदित्य वर्मा , गजेंद्र ठाकुर , हर्ष निषाद , आलोक कुमार सागर, प्रांजल यादव , दिनकर वर्मा , श्याम जी दुबे , बाबू बेरा , बिरजूराम, अंडर 18 पुरुष वर्ग में मोहनीश कुमार साहू ,कृष्ण पाल सिंह, मद्दारम पोडियामी, पोषण लाल ,लक्ष्मन सोढ़ी, अनिकेत पड्डा ,योगेंद्र सिंह अनुराग एक्का, सुमित कुमार साहू ,मुकुंद वर्मा ,सिद्धार्थ नागेश ,शौर्य अग्रवाल , संदीप पोर्ते, अंडर 16 बालक में बीरेंद्र ध्रुव , शिवराज दुग्गा,अंडर 14 बालक में रोहित वेंडजा, मनकुराम मुरामी, नीतीश कुमार मिडीयाम किरण पटेल , बालिका 16 वर्मा में किच्चै बिमला, दंतेश्वरी निषाद, संतोषी बन्दरी, मान्यता साहू ,अंजलि करम।महिला अंडर 18 वर्ष किरण ध्रुव , अदिति कुमार सा , अरशिन खान, रानू भोगामी , सुशीला खुरामी, पूनम मखान सिंह , महिला अंडर 20 वर्ष में दर्शनिक मिश्रा, नन्दनी साहू,तानिया केवट,कुमारी शीतल, सोनिका राजवाड़े शामिल हैं।

कार्नर न्यूज

सीएसवीटीयू भिलाई के तत्वावधान में दुर्ग पॉलीटेक्निक में हुआ राज्य स्तरीय शतरंज स्पर्धा का भव्य आयोजन

बौद्धिक बिसात पर युवा खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर जनवरी में राष्ट्रीय मुकाबले के लिए तैयार हुई टीम

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू), भिलाई के तत्वावधान में उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक, दुर्ग में इंटीग्रेटेड स्टेट लेवल शतरंज प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन संपन्न हुआ।

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के 29 विभिन्न पॉलीटेक्निक एवं इंजीनियरिंग महाविद्यालयों से कुल 215 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया, जिसमें 134 बालक और 81 बालिका खिलाड़ी शामिल रहे। टीम इवेंट राउंड के तहत पुरुष वर्ग में 22 तथा महिला वर्ग में 12 टीमों ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसके पश्चात शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग के आयोजन सचिव व खेल अधिकारी सोमेश यादव ने विभिन्न संस्थानों से पधारे खिलाड़ियों, टीम प्रबंधकों, कोचों एवं अधिकारियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य प्रकाश कुमार पांडेय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और शतरंज जैसा बौद्धिक खेल विद्यार्थियों में एकाग्रता, तार्किक सोच, धैर्य तथा त्वरित व सटीक निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है।



मुकाबले के प्रथम चरण में आयोजित टीम प्रतियोगिता में चार मुख्य खिलाड़ियों और एक आरक्षित खिलाड़ी के आधार पर मैच खेले गए, जहां प्रत्येक राउंड में टीमों को उनके अर्जित अंकों के आधार पर स्थान प्रदान किया गया। स्पर्धा में बालक वर्ग में कुल पांच चरण और बालिका वर्ग में चार चरण खेले गए। पुरुष वर्ग में बेहतरीन रणनीति का प्रदर्शन करते हुए सीजीआईटी बिलासपुर की टीम प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता बनी, जिसमें मोहित कुमार मौर्य, अर्पित कुमार सिंह, शुभम कुमार गिधौरे एवं ज्ञानेंद्र सिंह ने उत्कृष्ट खेल दिखाया। वहीं बीआईटी दुर्ग की टीम उपविजेता रही, जिसका प्रतिनिधित्व मोक्षित मृणाल सेन, अंकुश पटेल, ओम देवांगन, आयुष तिवारी एवं अंकित कुमार साहू ने किया।

बालिका वर्ग में एसएसआईपीएमटी रायपुर की टीम ने खिताब अपने नाम किया, जिसमें धारिणी साहू, स्वास्ति शर्मा, नित्या तिवारी एवं स्नेह अग्रवाल शामिल रहीं। महिला वर्ग में उपविजेता का खिताब सीएसआईटी की टीम ने हासिल किया, जिसका कुशल नेतृत्व छवि देशमुख, दीक्षा पटेल, महक सिंह राजपूत एवं रीतू पटेल ने किया। टीम प्रतियोगिता के समापन के पश्चात विश्वविद्यालय स्तरीय टीम के चयन हेतु व्यक्तिगत चयन चरण आयोजित किया गया। इस संपूर्ण आयोजन में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के रूप में रॉकी देवांगन व शुभम सोनी ने चयनकर्ता, कल्याण महाविद्यालय भिलाई के पूर्व खेल अधिकारी अमरीक सिंह ने पर्यवेक्षक तथा गिरधर लाल देशमुख ने मुख्य आर्बिटर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई।

अंतर-विश्वविद्यालयीन टीम की घोषणा

प्रतियोगिता के परिणामों में पुरुष वर्ग में सीजीआईटी बिलासपुर (मोहित कुमार मौर्य, अर्पित कुमार सिंह, शुभम कुमार गिधौरे, ज्ञानेंद्र सिंह) ने विजेता तथा बीआईटी दुर्ग (मोक्षित मृणाल सेन, अंकुश पटेल, ओम देवांगन, आयुष तिवारी, अंकित कुमार साहू) ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं महिला वर्ग में एसएसआईपीएमटी रायपुर (धारिणी साहू, स्वास्ति शर्मा, नित्या तिवारी, स्नेह अग्रवाल) विजेता रही, जबकि सीएसआईटी दुर्ग (छवि देशमुख, दीक्षा पटेल, महक सिंह राजपूत, रीतू पटेल) ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। इसके साथ ही सीएसवीटीयू की चयनित अंतर-विश्वविद्यालयीन टीम की घोषणा भी की गई, जिसमें पुरुष वर्ग से गुंजन देवांगन, अर्पित कुमार सिंह, अभिनव कुमार बिंद्रा, शुभम कुमार गिधौरे, नितिन जोशी, आयुष दीप मिश्रा तथा महिला वर्ग से धारिणी साहू, इच्छा साहू, नित्या तिवारी, श्रेया भट्टाचार्य, स्नेह अग्रवाल और ट्विंकल को शामिल किया गया है। यह चयनित टीम आगामी 11 से 14 जनवरी तक जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता में आयोजित होने वाली अंतर-विश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

फेसबुक व्हिसलब्लोअर पर आधारित बहुचर्चित फिल्म 'द सोशल रेकनिंग' प्रदर्शन के लिए तैयार



चर्चित और वैचारिक रूप से झकझोर देने वाली फिल्मों में से एक 'द सोशल रेकनिंग' सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह फिल्म दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स में से एक, फेसबुक की चर्चित व्हिसलब्लोअर फ्रांसिस हौगेन के जीवन और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक खुलासों की सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में फ्रांसिस हौगेन का मुख्य किरदार हॉलीवुड की प्रतिभाशाली अभिनेत्री मिकी मैडिसन निभा रही हैं, वहीं वॉल स्ट्रीट जर्नल के साहसी पत्रकार का किरदार अभिनेता जेरेमी एलेन व्हाइट द्वारा निभाया गया है।

यह लीगल ड्रामा फिल्म मुख्य रूप से उन संघर्षों और घटनाओं को पर्दे पर उतारती है, जब एक साधारण कर्मचारी ने तकनीक क्षेत्र की दिग्गज और शक्तिशाली कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने का साहस किया। फिल्म में विस्तार से दिखाया गया है कि कैसे फ्रांसिस हौगेन ने कंपनी के भीतर जारी अनैतिक गतिविधियों, उपयोगकर्ताओं की गोपनीयता के उल्लंघन और एल्गोरिदम के दुष्परिणामों से जुड़े अत्यंत संवेदनशील आंतरिक दस्तावेजों को एकत्र किया और वॉल स्ट्रीट जर्नल के पत्रकार के साथ मिलकर उन्हें दुनिया के सामने उजागर किया। इन दस्तावेजों के सार्वजनिक होने के बाद वैश्विक स्तर पर सोशल मीडिया कंपनियों की जवाबदेही और उनके समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को लेकर एक नई बहस छिड़ गई थी। फिल्म जगत के जाने-माने समीक्षकों और हॉलीवुड क्रिटिक्स के बीच 'द सोशल रेकनिंग' को लेकर जबर्दस्त चर्चा देखने को मिल रही है।

टॉलीवुड

'येझु कडल येझु मलाई' की रिलीज, दर्शकों का मिल रहा शानदार रिस्पॉन्स



मलयालम सिनेमा के दिग्गज और लोकप्रिय अभिनेता निविन पॉली की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'येझु कडल येझु मलाई' आखिरकार 1 अक्टूबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हो चुकी है। तमिल और मलयालम भाषा में एक साथ बनी इस फैंटेसी-रोमांटिक ड्रामा फिल्म को लेकर प्रशंसकों और फिल्म प्रेमियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। 'येझु कडल येझु मलाई' का हिंदी अनुवाद ₹सात समुद्र, सात पर्वत₹ होता है, जो फिल्म के विशाल कैनवास और इसकी गहरी प्रेम कहानी की ओर इशारा करता है। यह फिल्म अमर प्रेम, पौराणिक मान्यताओं और आधुनिक संवेदनाओं के ताने-बाने पर बुनी गई है। इसमें एक ऐसे व्यक्ति की कहानी दिखाई गई है जो समय और सीमाओं से परे अपने सच्चे प्यार की तलाश में सदियों का सफर तय करता है। फिल्म में निविन पॉली के साथ तमिल सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्री अंजलि मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अभिनेता सूरी एक बेहद अहम और प्रभावी किरदार निभा रहे हैं। पर्दे पर निविन पॉली और अंजलि की केमिस्ट्री तथा सूरी का सशक्त अभिनय दर्शकों को बांधकर रखता है। सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले ही 'येझु कडल येझु मलाई' ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारी प्रशंसा हासिल कर ली थी। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर प्रतिष्ठित रॉटरडैम अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के 'बिग स्क्रीन कॉम्पिटिशन' वर्ग में हुआ था। इसके अलावा फिल्म को विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर समीक्षकों द्वारा खूब सराहा गया, जहां इसके निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी और संगीत की जमकर तारीफ हुई। फिल्म का निर्देशन राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक राम ने किया है, जो 'थंगा मींगल' और 'पेर अनबु' जैसी लीक से हटकर और भावुक फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं।

भोजपुरी

काजल की कार पर पथराव के बाद अब सोशल मीडिया पर सुरक्षा को लेकर जताई जा रही चिंता



भोजपुरी सिनेमा की बहुचर्चित और लोकप्रिय अभिनेत्री काजल राघवानी से जुड़ी एक बेहद दुखद और चिंताजनक घटना पिछले महीने सामने आई थी, जिसने मनोरंजन जगत और उनके प्रशंसकों के बीच तहलका मचा दिया था। हालांकि इस घटना को लेकर अब भी उनके प्रशंसकों में रोष है। सोशल मीडिया पर सुरक्षा को लेकर प्रशंसक गहरी चिंता जता रहे हैं।

बिहार के नालंदा जिला मुख्यालय बिहार शरीफ में एक नए ज्वेलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में काजल राघवानी को आमंत्रित किया गया था। अपने पसंदीदा कलाकार की एक झलक पाने के लिए मौके पर हजारों प्रशंसकों की भारी भीड़ जमा हो गई। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान स्थिति उस समय अचानक बिगड़ गई जब अनियंत्रित भीड़ के बीच मौजूद कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी कार को निशाना बनाते हुए पथराव कर दिया।

घटना के समय मौके पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी, लेकिन काजल राघवानी की लोकप्रियता के चलते उमड़ी अप्रत्याशित भीड़ को संभाल पाना सुरक्षाकर्मियों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हुआ। देखते ही देखते भीड़ पूरी तरह बेकाबू हो गई और शोरूम के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसी दौरान उपद्रवियों द्वारा किए गए पथराव में अभिनेत्री की कार के शीशे पूरी तरह चकनाचूर हो गए।

नज़ाकत ऐसी भी



लंदन फैशन वीक 2026 की एक खास बात बरबेरी का बहुप्रतीक्षित रनवे प्रेजेंटेशन था। इस मशहूर ब्रिटिश ब्रांड ने एक ऐसा कलेक्शन पेश किया जो उसकी आउटरवियर विरासत का सम्मान करता था, साथ ही इसमें बेहतर सिल्हूट और आधुनिक नज़ाकत भी शामिल थी। शानदार ट्रेंच कोट, बेहतरीन टेक्सचर और सटीक टेलरिंग ने रनवे पर आधुनिक लंदन स्टाइल की झलक दिखाई। सुपरमॉडल रोज़ी हंटिंगटन-व्हाइटली और रोमियो बेकहम ने इस शो में वॉक किया, जिससे प्रेजेंटेशन में स्टार पावर और हर पीढ़ी को पसंद आने वाला आकर्षण जुड़ गया। उनकी मौजूदगी ने बरबेरी की विरासत को मौजूदा सांस्कृतिक प्रभाव के साथ जोड़ने की क्षमता को और मज़बूत किया।

-

हीट स्टाइलिंग से बेजान और डैमेज हो चुके हैं बालों की ऐसे लौटेगी चमक

हम सभा चाहत ह ाक हमार बाल लब, घन, ासल्का आर चमकदार नजर आएं। इसके लिए हम आए दिन कई तरह के महंगे हेयर ट्रीटमेंट करवाते हैं और पार्लर के चक्कर काटते हैं। वहीं, बालों को मनचाहा और आकर्षक लुक देने के लिए हम नियमित रूप से स्ट्रेटनर, कर्लर और ब्लो ड्रायर जैसे हीट स्टाइलिंग टूल्स का सहारा लेते हैं। हालांकि, लगातार और अत्यधिक गर्मी के संपर्क में आने से बालों की प्राकृतिक नमी खत्म हो जाती है, जिससे बाल बेजान, सूखे, कमजोर और डैमेज होने लगते हैं। यदि आपके बाल भी हीट स्टाइलिंग के कारण अपनी चमक खो चुके हैं और तेजी से झड़ने या टूटने लगे हैं, तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। सही हेयर केयर रूटीन और कुछ आसान टिप्स अपनाकर आप अपने बालों को दोबारा स्वस्थ और खूबसूरत बना सकती हैं:



स्टाइलिंग से पहले 'हीट प्रोटेक्टेंट स्प्रे' का इस्तेमाल जरूर करें

बालों में किसी भी प्रकार के हीटिंग टूल का इस्तेमाल करने से पहले हीट प्रोटेक्टिंग स्प्रे लगाना बेहद जरूरी है। यह स्प्रे बालों पर एक सुरक्षात्मक परत (प्रोटेक्टिव लेयर) बना देता है, जो हीटिंग टूल्स की तेज गर्मी को सीधे बालों के रेशों तक पहुंचने से रोकता है। इससे बाल जलने से बचते हैं, स्प्लिट एंड्स (दोमुंहे बाल) की समस्या नहीं होती और बालों का प्राकृतिक मॉइस्चर लॉक रहता है।

एलोवेरा जेल से दें गहराई से पोषण

लगातार हेयर स्टाइलिंग के बाद बालों के टेक्सचर में रूखापन आने लगता है और वे डैमेज होने लगते हैं। बालों की इस क्षति को ठीक करने के लिए प्राकृतिक एलोवेरा जेल एक बेहतरीन उपाय है। आप एलोवेरा के ताजे पौधे से पत्तियों को काटकर सीधे उसका जेल निकाल सकती हैं। इसे स्कैल्प से लेकर बालों की पूरी लंबाई (लेंथ) तक अच्छी तरह लगाएं। एलोवेरा में मौजूद एमीनो एसिड और विटामिन्स बालों को गहराई से हाइड्रेट कर उनका रूखापन दूर करते हैं।

हर वॉश के बाद कंडीशनर और हेयर सीरम का प्रयोग

बालों को शैम्पू से धोने के बाद कभी भी कंडीशनर का स्टेप न छोड़ें। कंडीशनर आपके बालों को सही मात्रा में नमी प्रदान करता है और उन्हें उलझने से बचाता है। इसके अलावा, बाल हल्के सुखाने के बाद अपनी आवश्यकतानुसार हेयर सीरम का इस्तेमाल जरूर करें।

मेंस फैशन में जरूर होने चाहिए कुछ खास ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स



सब-हेडिंगः ऑफिस के बाद पार्टी, डेट या मीटिंग में दिखना चाहते हैं तरोताजा? ये आसान ग्रूमिंग किट बनाएगी आपका काम आसान

आमतौर पर महिलाओं के हैंडबैग में आपको तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स और स्किनकेयर आइटम्स आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन आपने शायद ही कभी किसी पुरुष को देखा हो जो नियमित रूप से अपने बैग में ग्रूमिंग किट लेकर चलता हो। अक्सर पुरुष अपनी त्वचा की देखभाल और ग्रूमिंग को नजरअंदाज कर देते हैं, जबकि सच यह है कि ग्रूमिंग प्रोडक्ट्स जितने महिलाओं के लिए जरूरी हैं, पुरुषों की पर्सनैलिटी और त्वचा के स्वास्थ्य के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। अगर आपको ऑफिस खत्म होने के बाद अचानक किसी पार्टी, दोस्तों के साथ गेट-टुगेदर, किसी खास डेट या फिर क्लाइंट मीटिंग में जाना हो, तो यह छोटी-सी ग्रूमिंग किट आपके बेहद काम आएगी। भले ही आप पूरा दिन एयर-कंडीशंड ऑफिस में बैठते हों और धूप या प्रदूषण के संपर्क में कम आते हों, फिर भी दिन ढलते-ढलते धूल, पसीने और ऑयल के कारण आपका चेहरा बेजान, तैलीय और थका हुआ नजर आने लगता है। चूंकि आप ऑफिस में दोबारा नहा नहीं सकते, इसलिए सबसे समझदारी भरा तरीका यही है कि आप अपने डेस्क के ड्रॉवर या बैग में एक छोटी-सी 'मेंस ग्रूमिंग किट' हमेशा साथ रखें। आइए जानते हैं कि पुरुषों के डेली ग्रूमिंग किट में कौन-कौन से प्रोडक्ट्स जरूर शामिल होने चाहिए:





जेंटल फेस वॉश

आपकी ऑफिस स्किनकेयर किट में एक अच्छा और माइल्ड फेस वॉश सबसे पहला और जरूरी प्रोडक्ट है। दिनभर कंप्यूटर स्क्रीन के सामने बैठने और काम के तनाव से चेहरे पर ऑयल जम जाता है। शाम को घर से बाहर निकलने या किसी से मिलने से पहले एक बार माइल्ड फेस वॉश से चेहरा धो लें। ऐसा फेस वॉश चुनें जो आपकी स्किन टाइप (ऑइली, ड्राई या कॉम्बिनेशन) के अनुकूल हो और जो त्वचा को बिना ड्राई किए अतिरिक्त तेल और गंदगी को तुरंत हटा दे।

एक्ने से लेकर टैनिंग की समस्या से निजात पाने के लिए एक्सपर्ट के बताए गए ये नुस्खे

स्किन को स्पॉटलेस बनाए रखने में काफी मेहनत लगती है। कभी चेहरे पर एक्ने हो जाते हैं या टैनिंग की समस्या के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। त्वचा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं।

टैनिंग से छुटकारा कैसे पाएं?

धूप के अधिक एक्सपोजर के कारण टैनिंग की समस्या हो जाती है। टैनिंग के कारण चेहरे भद्दा नजर आता है। टैनिंग से छुटकारा पाने के लिए आप टमाटर का इस्तेमाल कर सकती हैं। टमाटर में लाइकोपीन पाया जाता है, जिसमें एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। टमाटर में बेटाकेरोटिन, विटामिन सी और ई भी होते हैं। टमाटर को धोकर दो टुकड़ों को में काट लें। अब टमाटर को पूरे चेहरे पर लगाएं। करीब 10-15 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें।

टैनिंग रिमूव करने के लिए चेहरे पर नींबू का इस्तेमाल न करें। नींबू के कारण चेहरे पर इरिटेशन हो सकती है। नींबू फोटो सेंसिटिविटी को बढ़ाता है। ऐसे में अगर आप धूप में जाएंगी,



तो चेहरा जल्दी काला पड़ सकता है। नींबू प्रकाश संवेदनशीलता को भी बढ़ाता है और सूरज के संपर्क में आने पर त्वचा के काले पड़ने की संभावना अधिक हो जाती है।

ऑयली स्किन पर क्या लगाएं?

ऑयली स्किन पर मुल्तानी मिट्टी और बेंटोनाइट क्ले का उपयोग किया जाता है। 4 चम्मच मुल्तानी मिट्टी में गुलाब जल मिलाएं। इस पेस्ट का इस्तेमाल चेहरे पर करें और 15 मिनट बाद फेस वॉश कर लें। बेसन का इस्तेमाल ज्यादा ऑयली स्किन पर किया जा सकता है, लेकिन नॉर्मल और ड्राई और सेंसिटिव त्वचा के लिए बेसन का उपयोग करने से बचें।

साड़ी में दिखना चाहती हैं कर्वी, तो फॉलो करें कुछ जरूरी टिप्स

फेस्टिवल सीजन हो या फिर शादी का सीजन साड़ी पहनना हर लड़की को पसंद होता है। किसी को हैवी डिजाइन वाली साड़ी पहनना पसंद होता है तो किसी को लाइट या फिर प्लेन साड़ी ज्यादा पसंद होती है। आप भी अपने हिसाब से पसंद करके साड़ी वियर करती होगी। लेकिन कई बार ऐसा होती है कि साड़ी पहनने के बाद अच्छी नहीं लगती क्योंकि उसमें हमारी फिगर कर्वी नहीं लगती। इसके लिए आपको कई सारी ऐसी टिप्स है जिन्हें फॉलो करना चाहिए। तभी आप अच्छे तरीके से साड़ी वियर कर पाएगी।

साड़ी के फेब्रिक का रखें ध्यान

जब भी आप साड़ी खरीदें तो उसके फेब्रिक का खास ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि पतले होने पर अगर आप मोटे फेब्रिक की साड़ी पहनेंगी तो आप मोटी नजर आएगी। साथ ही साड़ी सही तरीके से बांध नहीं पाएंगी। इसी के साथ कर्वी फिगर भी नहीं शो हो पाएगी। इसलिए जब भी अपने लिए साड़ी खरीदें तो फेब्रिक का खास ध्यान रखें। इससे आपका लुक परफेक्ट लगेगा साथ ही हर कोई आपकी तारीफ करेगा।



साड़ी के साथ खरीदें सही पेटिकोट

जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो पेटिकोट और ब्लाउज का खास ध्यान रखते हैं, ताकि साड़ी पहनें तो वो सबसे अच्छी लगे। इसके लिए हम मैचिंग पेटिकोट (सिल्क साड़ी डिजाइन) खरीदते हैं लेकिन आपको जरूरत है सही साइज का पेटिकोट खरीदने की। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनेंगी तभी साड़ी में आपका लुक परफेक्ट लगेगा। इसके लिए आजकल साड़ी ड्रेप वियर वाले पेटिकोट आते हैं। जिनमें साड़ी आसानी से बंध जाती है साथ ही इसमें शेप भी काफी अच्छी आती है।

कार्नर न्यूज नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, देवउठनी एकादशी और शहनाइयों के इस रंगीन सीजन में बांधनी प्रिंट का सदाबहार ट्रेंड

पितृपक्ष के बाद शुरू होगा उत्सवों का दौर, नवरात्रि से लेकर शादियों के सीजन तक बांधनी सूट से पाएं परफेक्ट फेस्टिव लुक

पितृपक्ष (श्राद्ध पक्ष) की समाप्ति के बाद चारों तरफ भक्ति, उल्लास और उत्सवों की सुखद आहट शुरू हो जाएगी। (आश्विन) नवदुर्गा उत्सव (नवरात्रि) की शुरुआत 11 अक्टूबर रविवार को घटस्थापना (कलश स्थापना) के साथ हो रही है और इसका समापन 20 अक्टूबर मंगलवार को विजयादशमी (दशहरा) के साथ होगा। जिसके बाद करवाचौथ, धनतेरस, रौशनी का त्योहार दीपावली और फिर देवउठनी एकादशी का आगमन होगा। देवउठनी एकादशी के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरुआत होगी और शहनाइयों व शादियों का लंबा सीजन शुरू हो जाएगा।

त्यौहारों और शादियों के इस लंबे और रौनक भरे माहौल में हर महिला सबसे खास, खूबसूरत और पारंपरिक लुक पाना चाहती है। कोई इंडो-वेस्टर्न आउटफिट चुनती है तो कोई पारंपरिक एथनिक वेयर। अगर आप इस पूरे फेस्टिव और वेडिंग सीजन में कुछ नया, क्लासी और एवरग्रीन ट्राई करना चाहती हैं, तो 'बांधनी प्रिंट' के आउटफिट्स सबसे बेहतरीन विकल्प हैं। बांधनी



प्रिंट न केवल भारत की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है, बल्कि इसका चमकीला और जीवंत रंग-रूप हर त्यौहार और शादी-ब्याह के माहौल में चार चांद लगा देता है। बाजार में इन दिनों बांधनी सूट के ढेरों नए और आकर्षक डिजाइन्स मौजूद हैं। आइए जानें कि नवरात्रि के डांडिया नाइट से लेकर दीपावली की पूजा और शादियों के फंक्शंस तक आप बांधनी सूट को किस-किस तरह से स्टाइल कर सकती हैं:

अनारकली बांधनी कुर्ता सेट (नवरात्रि और गरबा रास के लिए बेस्ट)

यदि आपकी हाइट लंबी है या आप थोड़ा रॉयल लुक चाहती हैं, तो अनारकली बांधनी सूट आपके लिए एकदम सही चुनाव है। इसमें पूरे कुर्ते पर खूबसूरत बांधनी प्रिंट होता है और नेकलाइन (गले) पर बारीक गोटा-पट्टी, जरी या सीक्वेंस का काम इसे और भी खास बनाता है। स्टाइलिंग टिपः नवरात्रि और गरबा के मौके पर आप फ्रंट-स्लिट (सामने से कट वाली) अनारकली कुर्ती पहन सकती हैं। इसके साथ प्लेन बॉटम और मैचिंग दुपट्टा लें। अपने इस लुक को ऑक्सीडाइज्ड सिल्वर ज्वेलरी (भारी झुमके और कड़े) के साथ कंप्लीट करें।

हेवी सलवार पैंट स्टाइल बांधनी सेट(दीपावली पूजा और धनतेरस के लिए)

आजकल पारंपरिक सलवार सूट में कई नए फ्यूजन डिजाइन्स देखने को मिल रहे हैं। सलवार पैंट स्टाइल कुर्ता सेट इस फेस्टिव सीजन का सबसे हॉट ट्रेंड बना हुआ है। इसमें कुर्ती पर प्रिंटेड बांधनी डिजाइन होता है।



पितृपक्ष के बाद शुरू होगा उत्सवों का दौर, नवरात्रि से लेकर शादियों के सीजन तक बांधनी सूट से पाएं परफेक्ट फेस्टिव लुक